दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 189 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक। शुक्रवार 13 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## भारत लगातार दूसरा मैच जीता, नामीबिया 93 रन से हारा

### चक्रवर्ती को 3 विकेट, ईशान-पंड्या की फिफ्टी; टीम इंडिया ग्रुप-ए के टॉप पर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 18वें मैच में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया है। वर्ल्डकप में टीम इंडिया की यह लगातार दूसरी जीत है। इस जीत से भारतीय टीम ग्रुप ए के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गइ है। गुरुवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 210 रन का टारगेट चेज करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 3, अक्षर और हार्दिक ने 2-2 विकेट लिए। नामीबिया की ओर से लौरेन स्टीनकैंप ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए।

## हरदीप पुरी बोले-राहुल ने खुद को मूर्ख साबित किया

### एपस्टीन से दो मुलाकातों पर दोषी नहीं ठहरा सकते; मंत्री पर यौन अपराधी से संबंध के आरोप



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने आप को मूर्ख साबित कर लिया है। पुरी ने इंटरव्यू में एपस्टीन फाइल्स में अपना नाम आने और विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। हरदीप पुरी ने दावा किया कि जब वे काम से जुड़े मुद्दों पर अमेरिकी फाइनेंसर और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से मिले थे तो उन्हें असहजता महसूस हुई थी। उन्होंने कहा- मैंने एपस्टीन से मिलने की इच्छा नहीं जताई थी। ये मुलाकातें अरेंज की गई थीं। उन्होंने आगे कहा- दो मुलाकातों से किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मैं इस मामले में बेदाग हूं। उस समय तो मैं सरकार का हिस्सा भी नहीं था। इसलिए राहुल गांधी का यह कहना कि एपस्टीन फाइल्स की वजह से प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सरेंडर कर दिया, बिल्कुल गलत है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को संसद में दावा किया था कि अमेरिका में जारी किए गए एपस्टीन फाइल्स में हरदीप पुरी का नाम है। राहुल के आरोपों पर पुरी ने बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पहली बार माना था कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे।

## दावा- गाजा में भाप बनकर गायब हुए हजारों लोग

### इजराइल पर प्रतिबंधित वैक्यूम बम इस्तेमाल करने का आरोप, इनसे तापमान 3,500 डिग्री पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन डीसी ( एजेंसी )।** इजराइल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा।

## तीनों सेनाओं को मिलेगा आधुनिक हथियारों का बड़ा पैकेज

# राफेल डील पर मुहर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्रालय की अहम बैठक में मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट राफेल की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना को नए राफेल लड़ाकू विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांस के साथ होने वाले इस सौदे समेत करीब 3.60 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है।

### डीएसी बैठक में बड़े फैसले

नई दिल्ली में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें वायुसेना के लिए राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट, आधुनिक कॉम्बैट मिसाइलें और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड प्स्यूडो सैटेलाइट (एएस-एचएपीएस) खरीदने को मंजूरी दी गई। थलसेना के लिए एंटी-टैंक माइन, टी-72 टैंक, बीएमपी-2 और आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल्स के ओवरहॉल को भी स्वीकृति मिली।

### वायुसेना की ताकत में इजाफा

राफेल जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान वायुसेना को लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की क्षमता प्रदान करेंगे। बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल की मदद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अधिकतर विमान भारत में ही बनाए जाएंगे, जिससे 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक कॉम्बैट मिसाइलें दुश्मन के ठिकानों पर दूर से सटीक वार करने में सक्षम होंगी, जबकि एएस-एचएपीएस प्रणाली निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और सैन्य संचार को मजबूत करेगी।

### नौसेना और तटरक्षक बल को भी मजबूती

भारतीय नौसेना के लिए 4 मेगावॉट मरीन गैस टरबाइन आधारित इलेक्ट्रिक पावर जेनरेटर और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी-8आई की खरीद को मंजूरी मिली है। पी-8आई विमान पनडुब्बी रोधी अभियान, समुद्री निगरानी और लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करेंगे। पावर जेनरेटर 'मेक-1' श्रेणी के तहत भारत में विकसित किए जाएंगे, जिससे विदेशी निर्भरता घटेगी। इसके अतिरिक्त, भारतीय तटरक्षक बल के डॉर्नियर विमानों के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इन्फ्रारेड सिस्टम की खरीद को भी मंजूरी दी गई है, जिससे समुद्री निगरानी और प्रभावी होगी।

### थलसेना के लिए आधुनिक हथियार

थलसेना के लिए एंटी-टैंक माइन 'विभव' को मंजूरी दी गई है, जो दुश्मन के टैंकों और भारी वाहनों को रोकने में प्रभावी होगी। इसके अलावा टी-72 टैंक, बीएमपी-2 और आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल्स के ओवरहॉल से उनकी क्षमता और सेवा अवधि बढ़ेगी।

### सैन्य तैयारियों को नई मजबूती

रक्षा मंत्रालय का मानना है कि ये फैसले भारत की सैन्य तैयारियों को नई मजबूती देंगे और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

## पीएम मोदी से मिले रोल्स-रॉयस के सीईओ, रक्षा और एविएशन सहयोग को मिल सकती है नई रफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लग्जरी कार निर्माता कंपनी रोल्स-रॉयस ने कहा है कि वह भारत में अपने कारोबार का विस्तार करना चाहती है। कंपनी रक्षा, नागरिक एविएशन और ऊर्जा क्षेत्र में नए कार्यक्रमों और साझेदारियों के जरिए अपनी उपस्थिति मजबूत करने की योजना बना रही है। लड़ाकू जेट इंजन के सह-विकास की संभावना कंपनी अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान के इंजन के सह-विकास की संभावनाएं तलाश रही है। रोल्स-रॉयस और ब्रिटेन सरकार ने 120 द्मह क्षमता वाले लड़ाकू जेट इंजन को संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इसे भारत के लिए स्वदेशी अगली पीढ़ी का इंजन विकसित करने की दिशा में तेज रास्ता माना जा रहा है। कंपनी के अनुसार, इस सह-विकास के तहत भारत को पूर्ण टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार मिलेंगे। इसके लिए भारत में डिजाइन और निर्माण की विशेष सुविधा स्थापित की जाएगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### तीनों सेनाओं के लिए 'मेक इन इंडिया' पर फोकस

रोल्स-रॉयस भारतीय सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के लिए इंजन निर्माण भारत में ही करने पर विचार कर रही है। कंपनी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और उद्योगों के लिए पावर सॉल्यूशन उपलब्ध कराने की भी योजना बना रही है। इन पहलों के चलते भारत में रोल्स-रॉयस और उसके साझेदारों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या दोगुनी होकर लगभग 10,000 तक पहुंच सकती है।

### एमएसएमई को मिलेगा बढ़ावा

कंपनी का अनुमान है कि वह भारत से अपनी सप्लाई चेन के लिए खरीद को 10 गुना तक बढ़ा सकती है। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## बजट पर वित्त मंत्री का जवाब

# लोकसभा से इण्डस्ट्रियल रिलेशन बिल पास

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दिये नोटिस का विषय सदन में उठाया और इस पर चर्चा कराने की मांग की, विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर हुई सामान्य चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में सांसदों से अपनी अपनी राज्य सरकारों से बजट में घोषित योजनाओं में शामिल होने का आग्रह करने को कहा। उन्होंने कहा कि बजट में उठाए गए कदम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति हमारे संकल्प को साबित करते हैं। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में व्यय कटौती के विपक्ष के आरोपों का खंडन किया।

सीतारमण ने कहा कि हम एक सशक्त शिक्षा से रोजगार और उद्यम स्थायी समिति की स्थापना कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे युवा सेवा क्षेत्र के लिए तैयार हों, जहां हमारा लक्ष्य 2047 तक वैश्विक बाजार का लगभग 10% हिस्सा हासिल करना है। हमने अगले पांच वर्षों में 1 लाख संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को तैयार करने का लक्ष्य रखा है, और इस योजना के लिए अगले 12 महीनों के लिए कुल 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। विकसित भारत के तहत गठित उच्च स्तरीय बैंकिंग समिति बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करेगी और इसे भारत के विकास के अगले चरण के अनुरूप ढालेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कोष कोई मुफ्त का पैसा नहीं है। यह हर भारतीय नागरिक की मेहनत से कमाई गई धनराशि है। हम समय सीमा पूरी करने के लिए इस धन को व्यर्थ नहीं करेंगे। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और हम उसी का पालन करते हैं।

लोकसभा ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित किया। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहले खदान में काम करने वाले या सीवरेज साफ करने वाले श्रमिकों के लिए, कम से कम 10 कामगार वाले कंपनी के मजदूरों को ईएसआईसी में इलाज की सुविधा थी। लेबर कोड में खतरे वाले क्षेत्र के कामगार, यदी 10 से कम भी हों तो ईएसआईसी में ट्रीटमेंट की सुविधा मिलेगी। इस विधेयक में युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की गारंटी दी गई है। हर उस युवा को, जिसे नौकरी मिलेगी, हर हाल में उसको नियुक्ति पत्र देना होगा। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसा होता था कि कोई 5 साल तक काम करता था, तभी उसे ग्रेच्युटी मिलती थी। अब लेबर कोड में एक साल काम करने पर भी ग्रेच्युटी की गारंटी है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कार्यस्थलों पर जाति आधारित भेदभाव को लेकर उच्च सदन में चिंता जताई और सरकार से ऐसे मामलों की समयबद्ध जांच का आग्रह किया। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि ओडिशा में एक समुदाय के लोग अपने बच्चों को दलित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बनाए गये भोजन का सेवन नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास की नींव हैं। सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करने वाले लोगों और 'गिग' कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए उसने 12 कंपनियों से समझौते किए हैं ताकि उन्हें ईपीएफओऔर ईएसआईसी के दायरे में लाया जा सके। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि देश का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र पहले सुरक्षा, तब उत्पादन के सिद्धांत का पालन करता है।

## रिटेल महंगाई 8 महीने में सबसे ज्यादा

### जनवरी में बढ़कर 2.75% पर पहुंची, अक्टूबर 2025 में यह रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25% पर थी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जनवरी में रिटेल महंगाई पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 2.75% पर पहुंच गई है। दिसंबर में ये 1.33% पर थी। 8 महीनों में सबसे ज्यादा है। मई 2025 में महंगाई 2.82% पर पहुंच गई थी। सरकार ने गुरुवार, 12 फरवरी को महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

**नए पैमाने में शामिल हुए ई-कॉमर्स और एयरफेयर**-सरकार ने महंगाई मापने के लिए आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। यह बदलाव एक दशक से अधिक समय के बाद किया गया है। ब्लूमबर्ग के सर्वे में 32 अर्थशास्त्रियों ने अनुमान जताया था कि इससे जनवरी की महंगाई दर 2.77% के आसपास रह सकती है।

**खाने-पीने की चीजों का वेटेज घटा**-पुराने इंडेक्स में खाने-पीने की चीजों का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36.8% कर दिया गया है। सांख्यिकी मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग के मुताबिक, भारतीयों की आय बढ़ने के साथ अब वे भोजन पर कम और हाउसिंग व अन्य सेवाओं पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

**क्या हटा:** अब पुराने हो चुके रेडियो, वीसीआर और तांगा-गाड़ी के किराए को इंडेक्स से बाहर कर दिया गया है।

**क्या जुड़ा:** इसकी जगह अब हवाई किराया, ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन, ई-कॉमर्स शॉपिंग, ग्रामीण हाउसिंग रेंट और बिजली की कीमतों को शामिल किया गया है।

## इलॉन मस्क की एआई कंपनी चांद पर फैक्ट्री लगाएगी

### इससे सूर्य की ऊर्जा कैप्चर होगी; मस्क बोले- ये शायद इंसानों को एलियन से मिला सके

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क चांद पर एआई सैटेलाइट फैक्ट्री लगाएंगे। मस्क ने बताया कि वे इसके जरिए सूरज की ऊर्जा कैप्चर करना चाहते हैं। मस्क ने अपनी एआई कंपनी Xएआई की इंटरनल मीटिंग का 45 मिनट का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ये जानकारी सामने आई है। मस्क ने कहा अगर हम आज की मानव सभ्यता की ऊर्जा खपत को देखें, तो हम पृथ्वी की संभावित ऊर्जा का केवल 1% हिस्सा ही इस्तेमाल कर रहे हैं।

अगर हम सूरज की कुल ऊर्जा का 10 लाखवां हिस्सा भी हासिल कर लें, तो वह आज की सभ्यता द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा से करीब 10 लाख गुना ज्यादा होगी।



## सम्पादकीय

# रेरा को सही फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण अर्थात रेरा को जो कड़ी फटकार लगाई, उसके लिए वही उत्तरदायी है। इस प्राधिकरण का गठन जिन उम्मीदों के साथ किया गया था, वह उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। रेरा की लचर कार्यप्रणाली के चलते न जाने कितने लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होते हैं और सब जानते हैं कि वहां से न्याय मिलने में समय लगता है। रेरा की निराशाजनक कार्यप्रणाली को इससे समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ा कि उसे बंद करना ही बेहतर है। उसने यह कठोर टिप्पणी भी की कि वह दिवालिया बिल्डरों को राहत देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि वह फ्लैट खरीदारों के हितों की रक्षा करने के स्थान पर उन बिल्डरों की पक्षधरता करता है, जिन पर उसे निगाह रखनी चाहिए, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट समय पर पूरा करें और उनमें मनमाने तरीके से बदलाव न कर सकें। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने रेरा के खिलाफ कठोर टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के एक मामले में की हो, लेकिन उसका यह आकलन तो लगभग सभी राज्यों के रेरा पर लागू होता है कि जिन लोगों के हितों की रक्षा के लिए इसे बनाया गया था, वे निराश और हताश हैं और उन्हें कोई प्रभावी राहत नहीं मिल रही। संभवतः इसीलिए उसने यहां तक कहा कि यदि इस संस्था को समाप्त भी कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि सभी राज्य रेरा के नए सिरे से गठन पर विचार करें। इसमें संदेह है कि उसकी ओर से स्पष्ट निर्देश के बिना ऐसा हो सकेगा। उचित यह होगा कि केंद्र सरकार यह देखे कि सभी राज्यों के रेरा सही तरह काम करें, क्योंकि सबमें खामियां घर कर गई हैं। कई मामलों में यह देखने में आया है कि रेरा ने उन बिल्डरों का बचाव किया, जो फ्लैट खरीदारों से साफ तौर पर वादाखिलाफी कर रहे थे।

यदि रेरा के अस्तित्व में होने के बाद भी देश भर में लाखों प्रोजेक्ट अटके पड़े हैं तो इसका अर्थ है कि कहीं कुछ बड़ी गड़बड़ है। बहुत दिन नहीं हुए, जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ही यह उजागर हुआ था कि दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में बिल्डरों ने बैंकों से मिलकर लाखों फ्लैट खरीदारों के साथ ठगी की। यह ठगी सबवेंशन स्कीम के जरिये की गई। सबवेंशन स्कीम के तहत किसी परियोजना के तहत स्वीकृत राशि सीधे बिल्डरों के खातों में भेजी जाती थी। उन्हें घर खरीदारों को फ्लैट सौंपने तक ईएमआइ का भुगतान करना होता था, लेकिन कई मामलों में बिल्डरों ने फ्लैट तैयार किए बिना ईएमआइ का भुगतान बंद कर दिया। इस पर बैंक फ्लैट खरीदारों से शेष ईएमआइ की मांग करने लगे। इसे अन्याय और अंधेर के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।



## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 13 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1542 - इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतार दिया गया।
- 1575 - फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
- 1601 - लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
- 1633 -
- इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो को रोम पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया।
- वैज्ञानिक गैलीलियो गैलीलि अपने मुकदमे के लिए रोम आए।
- 1688 - स्पेन ने पुर्तग़ाल को एक अलग राष्ट्र स्वीकार किया।
- 1689 - विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
- 1693 - अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
- 1713 - दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई।
- 1739 - करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फ़ौज ने मुग़ल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया।
- 1788 - भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया।
- 1795 - अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
- 1820 - फ्ऱांसीसी तख्त के दावेदार डक की बेरी की हत्या कर दी गई।
- 1856 - ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्ज़ा।
- 1861 - नेपल्स के फ्ऱांसीसी द्वितीय ने ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले।
- 1880 - थॉमस एडिसन ने एडिसन इफ़ैक्ट पुष्ट किया।
- 1920 - अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।

## विशेष आलेख

# भजनलाल का बजट, मोदी का विजनः

# मरुधरा की बदलती शहरी तस्वीर



डॉ नयन प्रकाश गांधी

अर्बन रीजनल प्लानिंग पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ एन पी गांधी के अनुसार राज्य बजट के 16,430 किलोमीटर नई सडक़ों के निर्माण और लगभग 42,000 किलोमीटर सडक़ नेटवर्क के उन्नयन-सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य , 15 प्रमुख रेल-क्रॉसिंग पर आरओबी / आरयूबी निर्माण तथा 26 अतिरिक्त क्रॉसिंग पर डीपीआर से शहरों-कस्बों में सुरक्षित, तेज़ आवागमन की राह बनेगी। जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर आदि कई शहरों के लिए मास्टर ड्रेनेज, सीवरेज, एसटीपी, स्मार्ट रोड, फ्लाईओवर और पार्किंग जैसे पैकेज शहरी जीवन-स्तर सुधार की ठोस तैयारी हैं। दिल्ली में जब हर साल केंद्रीय बजट पेश होता है, तो उसकी भाषा में 'विकसित भारत 2047', मल्टी-ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, हरित विकास और अमृतकाल जैसे बड़े शब्द गूंजते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर खींचा गया यह खाका पूरे देश के लिए दशा एवं दिशा तय करता है, लेकिन इसकी असली परीक्षा तब होती है जब राज्य स्तर के बजट उसी विजन को अपनी स्थानीय हकीकत भूगोल, जनसंख्या, युवा महिला विकास ,तकनीकी उन्नयन ,शिक्षा कौशल , आधारभूत संसाधन और सामाजिक संरचना के अनुरूप ज़मीन पर उतारने की कोशिश करते हैं।राजस्थान इसका सटीक उदाहरण है। एक तरफ यह देश का सबसे बड़ा राज्य, लगभग दस प्रतिशत भूभाग, लेकिन पानी कुल राष्ट्रीय जल संसाधनों के एक प्रतिशत से भी कम, दूसरी ओर तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या, युवा आबादी का उच्च अनुपात और मरुस्थलीय जलवायु के बीच रोजग़ार एवं खेती, उद्योग और शहरीकरण की कठिन चुनौतियाँ आखिर कार इसी पृष्ठभूमि में माननीय वित्त मंत्री दीया कुमारी का 2026-27 का 'विकसित राजस्थान एट 2047' बजट सामने आता है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को मरुधरा की ज़मीन पर ढालने की कोशिश एवं सबका साथ सबका विकास करता नजर आता है।केंद्रीय बजट जहाँ पूरे देश के लिए कर-संरचना, अवसंरचना और सामाजिक सुरक्षा की व्यापक तस्वीर खींचता है, वहीं राजस्थान का यह बजट उसी सोच को अपने जल-संकट, बिखरी बस्तियों, सीमांत किसानों, बढ़ते शहरों और पर्यटन-औद्योगिक केंद्रों वाले भू-संदर्भ में 'स्थानीय ब्लूप्रिंट' में बदलने की एक बेजोड़ कोशिश एवं उत्कृष्ट समन्वय है। 'हर घर जल', 'हरित ऊर्जा', 'डिजिटल इंडिया' और 'नारी शक्ति' जैसे नारे जैसलमेर के टीले, भीलवाड़ा-भिवाड़ी-नीमराना के औद्योगिक पट्टे, कोटा के कोचिंग नगरों और अजमेर-बांसवाड़ा की ग्रामीण-आदिवासी बस्तियों में अलग-अलग अर्थ लेते हैं। यही से इस बजट की शहरी कहानी शुरू होती है।

**बुनियादी ढांचा-सडक़ों से शहरों तक विकास की रेखाचित्र**

इस बजट का सबसे ठोस संदेश है कि राजस्थान अगले दशक में भौतिक ढांचे पर अभूतपूर्व निवेश के लिए तैयार है। 2024-25 में लगभग ?30,427 करोड़ के पूंजीगत व्यय के बाद 2026-27 के लिए कुल कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाकर करीब ?53,978 करोड़ तक ले जाने की रूपरेखा रखी गई है। यह अब तक का सर्वाधिक अनुमानित पूंजीगत निवेश है, जो कि लगभग 36.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दृष्टिगत है। अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय के अर्बन रीजनल प्लानिंग में प्रशिक्षित एलुमनाई एन पी गांधी का मानना है कि इस अतिरिक्त संसाधन का बड़ा हिस्सा सडक़ों, शहरी विकास, जल-निकासी और सीवरेज प्रोजेक्टों पर केन्द्रित रखा गया है जिसके अंतर्गत सडक़ क्षेत्र में सरकार ने 16,430 किलोमीटर नई सडक़ों के निर्माण और लगभग 42,000 किलोमीटर सडक़ नेटवर्क के उन्नयन-सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य तय किया है।

**शहरों के लिए समग्र पैकेजः ड्रेनेज से स्मार्ट रोड तक**

राजस्थान का शहरी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, टौंक, भीलवाड़ा, चित्तौडग़ढ़ जैसे शहर प्रशासनिक या सांस्कृतिक केंद्र ही नहीं, बल्कि शिक्षा, उद्योग, पर्यटन और सेवाक्षेत्र के नए धुरे बन रहे हैं। बजट में इन शहरों के लिए जो पैकेज घोषित किए गए हैं, वे यह दिखाते हैं कि सरकार शहरी विकास को महज़ 'सीमेंट-कंक्रीट' नहीं, बल्कि जीवन-गुणवत्ता, रोजग़ार और निवेश-आकर्षण के लिए निर्णायक मानने लगी है। कई शहरों के लिए मास्टर ड्रेनेज योजनाएँ तैयार कर बजटीय प्रावधान किए गए हैं, ताकि हर बारिश में जलभराव और नालों के उफान वाली तस्वीर बदली जा सके। पुराने, जर्जर सीवर नेटवर्क के पुनर्वास, नए सीवर लाइन बिछाने और आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की योजनाएँ स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ नदियों, तालाबों और भूजल की रक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं।प्रमुख सडक़ों को 'स्मार्ट रोड' के रूप में विकसित करने की योजना, जिनमें बेहतर सडक़ सतह, भूमिगत यूटिलिटी डक्ट, पैदल-पथ, साइकिल-ट्रैक, एलईडी-स्ट्रीट लाइट और समन्वित सिग्नलिंग शामिल हैं, शहरों को आधुनिक और पर्यावरण-संगत बनाने की दिशा में कदम हैं ,जो शहरों को एक ग्लोबल स्तरीय खूबसूरती प्रदान करेगा जिससे राजस्थान में स्मार्ट शहरों में ऐतिहासिक पर्यटन उभरेगा और अप्रत्यक्ष रूप से जॉब रोजगार के अवसर युवाओ के लिए पैदा होंगे ।

**जल, ऊर्जा और हरित दृष्टि का शहरी सन्दर्भ**

मरुस्थलीय राजस्थान के लिए जल-प्रबंधन सबसे बड़ी नीति-चुनौती है। बजट में 'सभी के लिए सुरक्षित पेयजल' और 'घर-घर नल से जल' को 2047 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 14 लाख से अधिक नए नल-कनेक्शनों, 400 से अधिक नई जल योजनाओं और 83 नगरों में सेवा स्तर सुधार की योजनाओं का उल्लेख, शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों के लिए भी जल सुरक्षा का भरोसा साफ साफ दिखाई दे रहा है।ऊर्जा के स्तर पर 19,000 मेगावाट से अधिक नवीकरणीय क्षमता, नए ग्रिड सब-स्टेशनों और स्मार्ट-ग्रिड-डिजिटल मीटरिंग जैसी घोषणाएँ सीधे शहरों के बिजली-ढांचे को प्रभावित करेंगी।

**मरुधरा के शहरों की नई कहानी**

राजस्थान को हम लंबे समय तक 'मारवाड़-मेवाड़ की धरती' और 'रेगिस्तान किलों' की पहचान से देखते रहे हैं। लेकिन बदलते समय में कोटा के कोचिंग हॉस्टल, जयपुर-जोधपुर-उदयपुर के पर्यटन-क्लस्टर, भीलवाड़ा-भिवाड़ी-नीमराना के औद्योगिक ज़ोन और अलवर-जयपुर-राजसमंद की बढ़ती हाउसिंग कॉलोनियाँ यह साफ़ कर रही हैं कि राज्य का कल का भविष्य निर्णायक रूप से उसके भावी उच्चस्तरीय शहरी में ही लिखा जा रहा है।

# कब कटेगी सांसदों और विधायकों की ?

### बोझ हमेशा बुज़ुर्गों और आम परिवारों पर ही क्यों? नेताओं पर कब?



डॉ. सत्यवान सौरभ

*हालिया बयानबाजी ने एक बार फिर यह मूल सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर आर्थिक सुधारों का भार हमेशा समाज के सबसे कमजोर वर्ग बुज़ुर्गों, किसानों और मजदूर परिवारों—पर ही क्यों डाला जाता है? बुढ़ापा पेंशन कोई सरकारी कृपा या रियायत नहीं है।*

सरकार जब भी आर्थिक अनुशासन, बजट संतुलन या खर्च घटाने की बात करती है, तो सबसे पहले निशाने पर सामाजिक पेंशन योजनाएँ आ जाती हैं। विशेष रूप से बुढ़ापा पेंशन को लेकर बार-बार समीक्षा, कटौती और पात्रता की शर्तें सख्त करने की चर्चाएँ सामने आती रही हैं। हालिया बयानबाजी ने एक बार फिर यह मूल सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर आर्थिक सुधारों का भार हमेशा समाज के सबसे कमजोर वर्ग बुज़ुर्गों, किसानों और मजदूर परिवारों—पर ही क्यों डाला जाता है? बुढ़ापा पेंशन कोई सरकारी कृपा या रियायत नहीं है। यह उस सामाजिक अनुबंध का हिस्सा है, जिसमें राज्य यह स्वीकार करता है कि जिन नागरिकों ने अपनी पूरी उम्र देश की अर्थव्यवस्था को चलाने में लगा दी, उन्हें बुढ़ापे में न्यूनतम सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए। खेतों में पसीना बहाने वाले किसान, ईंट-भट्टों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी—इनमें से अधिकांश के पास न तो कोई पेंशन फंड होता है और न ही स्थायी बचत। ऐसे में बुढ़ापा पेंशन उनके लिए दवा, राशन और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का आधार बनती है।

इसके बावजूद जब भी सरकारी खजाने पर दबाव की बात आती है, तो सबसे आसान रास्ता बुज़ुर्गों की पेंशन पर कैंची चलाना मान लिया जाता है। कभी फसल का बहाना, कभी ज़मीन का रकबा, कभी पारिवारिक आय और कभी बैंक खाते की तकनीकी खामियाँ—इन सब कारणों से हजारों पात्र बुज़ुर्ग पेंशन से वंचित कर दिए जाते हैं। यह प्रक्रिया प्रशासनिक कम और अमानवीय अधिक प्रतीत होती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि फसल, ज़मीन और आमदनी की ये सख्त कसौटियाँ केवल आम नागरिकों पर ही क्यों लागू होती हैं? क्या यही मानक विधायकों और सांसदों की पेंशन पर भी लागू होते हैं? क्या कभी यह जाँच की जाती है कि जनप्रतिनिधियों की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है और उन्हें पेंशन की आवश्यकता है भी या नहीं? वास्तविकता यह है कि जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली पेंशन और सुविधाएं उस वर्ग को प्राप्त होती हैं जो पहले से आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत सुरक्षित है। कई विधायक और सांसद एक से अधिक बार निर्वाचित होने के बाद कई-कई पेंशन के हकदार बन जाते हैं। इसके अलावा उन्हें वेतन, भत्ते, सरकारी आवास, वाहन, सुरक्षा और अन्य विशेष सुविधाएँ भी मिलती हैं। इसके बावजूद इन पेंशनों पर न तो कोई स्पष्ट सीमा तय है और न ही इस पर गंभीर सार्वजनिक बहस होती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत समानता है—नीति और कानून सबके लिए समान होने चाहिए। यदि आम नागरिक से उसकी मामूली आय का हिसाब माँगा जा सकता है, तो जनप्रतिनिधियों से क्यों नहीं? यदि बुज़ुर्ग किसान की दो बीघा ज़मीन के आधार पर उसकी पेंशन रोकी जा सकती है, तो करोड़ों की संपत्ति वाले नेताओं की पेंशन पर सवाल क्यों नहीं उठते? सरकार अक्सर यह तर्क देती है कि सामाजिक योजनाओं में अपात्र लोग शामिल हो जाते हैं, इसलिए सख्ती आवश्यक है। यह तर्क आंशिक रूप से सही हो सकता है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### परिवार की लाड़ली



एक साथ तीन पीढियां गांव के बस स्टेण्ड पर बस का इंतजार कर कही थीं। दादी,मां,पिता, बेटा और उसकी नई-नवेली बहू। बस स्टेण्ड हाइवे के किनारे था हालांकि यातायात की कमी नहीं थी लेकिन लोकल बसों की कमी थी। फलस्वरूप लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। समय गुजारने के लिये बेटे ने एक तरीका ढूंढ निकाला। वह आते-जाते ट्रकों के पीछे की लिखावटों को पढऩे लगा । जरा जोर से ताकि सब सुन लें। कोई रोमांटिक सी बात होती तो बहू की ओर देख कर और जोर से बोलता। बहू घूंघट कुछ ऊपर उठाती नीचे का ओंठ दांतों तले दबाती और सबकी नजरें बचाते हुए पति की ओर आंखें तरेरती। पति को पत्नी के चेहरे की यह लिखावट ट्रक की लिखावट से भी ज्यादा रोमांचित कर देती। उसे इंतजार में भी अनोखा आनंद आने लगा। अभी-अभी मार्बल से लदा एक ट्रक गुजरा था। ओवरलोड धीमी रफ्तार दर्द से कराहता हुआ सा, लिखा था, 'परिवार की लाडली।' बेटे ने कहा, वो देखो परिवार की लाडली जा रही है और बड़े लाड़ से पत्नी को निहारा। हुंह, इतना तो बोझा लाद रखा है और परिवार की लाड़ली!' पत्नी ने व्यंग्य किया। सासूजी सुन रही थी उन्होंने तिरछी निगाहों से अपने पति व सास की तरफ देखा, फिर बोली,'इतना बोझा लाद रखा है तभी तो परिवार की लाड़ली है। वरना.....। बहू ने महसूस किया कि सासूजी की आवाज घुट कर रह गई है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# बेलपत्र खाने से सेहत को मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे, जानें सेवन का तरीका

01-इम्यूनिटी बूस्ट करे- नियमित रूप से बेलपत्र का सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से सर्दी-जुकाम, खांसी और फ्लू से बचाव में मदद मिल सकती है।

02.पेट के लिए फायदेमंद- सुबह खाली पेट बेलपत्र का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर करने में मदद करता है। इसके सेवन से कब्ज, गैस, अपच और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

03-डायबिटीज में फायदेमंद -डायबिटीज के मरीजों के लिए भी बेलपत्र का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। दरअसल, इसमें मौजूद फाइबर और अन्य पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं। खासकर टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बेहद फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, डायबिटीज रोगी इसक सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

04.दिल को हेल्दी रखे- बेलपत्र का सेवन दिल की सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने और ब्लड प्रेशर संतुलित रखने में मदद करता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी धार्मिक कामों में काफी रुचि रहेगी। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे।

**वृष**

कोई डेटा उपलब्ध नहीं है, कृपया बाद में प्रयास करें।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको बड़ों का आदर व सम्मान करना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को भी काफी हद तक दूर करने की कोशिश करेंगे।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपका कोई अटकी हुई डील थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए करियर के मामले में अच्छा रहने वाला है। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी काम को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

**धनु**

आज का दिन नौकरी में प्रमोशन के लिए बढ़िया रहेगा। आप अपने कामों से एक अच्छी जगह बनाएंगे, जिससे आपको तरक्की मिलेगी। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करें। यदि आपका कोई धन को लेकर काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में काम करने के लिए बेहतर रहेगा। कानूनी मामलों में आपको एक नई राह मिलेगी। आपके घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मीन**

आज आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी काम में उसके नीति- नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप जल्दबाजी के कारण कोई गलत डिसीजन ले सकते हैं।

# मिड-डे मील: अब शिक्षकों और एसएमसी सदस्यों के चखने के बाद ही बच्चों की थाली में आएगा भोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील) के तहत बनने वाले भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने अब तक के सबसे सख्त निर्देश जारी किए हैं। मिड-डे मील आयुक्तालय ने स्पष्ट कर दिया है कि अब स्कूलों में भोजन का वितरण 'चखने और परखने' की कड़ी प्रक्रिया के बाद ही किया जाएगा। मिड-डे मील आयुक्त विश्व मोहन शर्मा के अनुसार भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) के नियमों का पालन अब केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता होगी। सरकार ने साफ किया है कि



भोजन वितरण से पहले प्रतिदिन दो शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के एक नामित सदस्य को अनिवार्य रूप से भोजन चखना होगा। यह प्रक्रिया एक रोस्टर प्रणाली के तहत होगी। चखने के बाद उन्हें एक रजिस्टर में भोजन की गुणवत्ता और स्वाद पर टिप्पणी लिखकर हस्ताक्षर करने होंगे। रजिस्टर में हस्ताक्षर होने के बाद ही विद्यार्थियों को भोजन परोसा जाएगा, यदि इस प्रक्रिया में लापरवाही मिली तो इसे गंभीर प्रशासनिक त्रुटि मानकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए सरकार ने रसोई में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को लेकर भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। भोजन में अब खुले या बिना लेबल वाले मसालों का उपयोग पूरी तरह वर्जित होगा। केवल एफएसएसएआइ मार्क वाले, एगमार्क प्रमाणित मसाले ही उपयोग में लिए जा सकेंगे। मसाला पैकेट पर निर्माण और समाप्ति तिथि की जांच अनिवार्य होगी। भोजन में किसी भी प्रकार के कृत्रिम रंग या फ्लेवरिंग एजेंट का प्रयोग सख्त निषिद्ध किया गया है।

### कुक्स का होगा मेडिकल चेकअप

रसोई में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कुक-कम-हेल्पर (रसोइयों) के लिए भी कड़े नियम बनाए गए हैं। उन्हें समय-समय पर मेडिकल चेकअप करवाना होगा। खाना बनाते समय साफ वस्त्र, एप्रन और हेयर कवर पहनना अनिवार्य होगा। नाखून कटे होने चाहिए और हाथों की सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्हें एफएसएसएआइ आधारित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए अब वितरित भोजन और कच्ची सामग्री दाल, चावल, तेल, मसाले के सैंपल समय-समय पर प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजे जाएंगे। यदि किसी स्तर पर मिलावट या अनियमितता पाई गई, तो तत्काल सुधारात्मक और अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

### अभिभावकों की भागीदारी बढ़ेगी

सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए अतिथि माता अवधारणा के तहत 3-5 विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित कर भोजन चखने और सुझाव देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और पोषणयुक्त भोजन देना है। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जामियात उलमा हिंद टोंक ने देवली जोन सदर अख्तर उल्ला खान को नियुक्त किया गया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जामियात उलमा हिंद टोंक ने देवली जोन समिति कार्यकारिणी का विस्तार किया के महासचिव मौलाना



अब्दुल रहमान ने बताया कि देवली जोन समिति मे अध्यक्ष उपाध्?यक्ष सचिव महासचिव पद के चयन किए गए हैं। समिति में देवली जोन सदर पद पर अख्तर उल्ला खान को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार महासचिव हाफिज बरकतुल्लाह नायब सदर मोहम्मद मुस्तकीम अब्बासी नुरुल हसन अंसारी सचिव फखरुद्दीन अब्बासी (शानू भाई) सूफी अब्दुल अय्यूब राजकी अब्दुल अनीस कुंदेरा शोएब लोहार दुनि को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया है.। देवली समिति के सदर अख्तर उल्ला खान ने बताया कि जमीयत ओलामा हिंद एक ऐसी तंजीन है। जो खिदमत को अंजाम देती है। सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली ऐसी तंजीम है। देश की आजादी में महतवपूर्ण भूमिका रही और आज जामियात उलमा हिंद टोंक 150 ओलामा की टीम काम कर रही है। सभी मसलकों को दूर रखते हुए नशा मुक्ति केंद्र और महिला सिलाई केंद्र जल्दी ही शुरू करने जा रहे है। किसी के साथ देवली जोन 11 के भी कार्यकर्ता समाज को आगे बढ़ाने की खिदमत के लिए तैयार हैं। तो वही सर्व समाज को साथ लेकर चलेगा जमीयतओलिमा हिंद। किसी एक जाति के प्रतिबन्ध नहीं रहकर सर्व समाज को साथ लेकर चलने पर जोर दिया जाएगा।

## आयुष के स्वास्थ्य - कुम्भ 'आरोग्यम् -2026' का प्रारंभ शुक्रवार से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजस्थान सरकार व आयुष विभाग के 'स्वस्थ राजस्थान-समृद्ध राजस्थान' के संकल्प का प्रतीक, संभाग स्तरीय आयुष मेला, आरोग्य-2026 का प्रारंभ टोंक के स्थानीय गांधी खेल मैदान में शुक्रवार से होगा। आयुष विभाग के उप निदेशक राम सहाय बैरवा ने बताया कि जन साधारण के स्वास्थ्य व रोगों के उपचार के लिए इस मेले में आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथी पद्धतियों के द्वारा चिकित्सा उपचार, स्वास्थ्य उन्नयन जीवनशैली के लिए परामर्श व सुझाव तथा विशिष्ट व जटिल रोगों के लिए क्षारसूत्र, अग्निकर्म, विद्धकर्म, पंचकर्म, जलौका चिकित्सा, न्यूरोपेथी, स्त्री रोग चिकित्सा, वृद्धावस्था जन्य रोगों की चिकित्सा, नशामुक्ति चिकित्सा, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी व यूनानी चिकित्सा, जैसी विधाओं द्वारा इलाज नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रतिदिन नियमित सामूहिक योगाभ्यास व काढ़ा वितरण भी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस चार दिवसीय कार्यक्रम से अधिकाधिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

## जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम -जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत नियमित सहायको के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को जिला मुख्यालय के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण एवं प्रभावी क्रियान्वयन का आधार होते है, इसलिए कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएं। जनगणना कार्यालय निदेशालय राजस्थान से आये टेऊनर एस.एन. कुमावत एवं अंकित कुमार गुप्ता ने बताया कि 1 मई से 15 मई तक नागरिकों को स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा और 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से संबंधित कार्मिक, तहसील एवं नगर परिषद, नगर पालिका से आए नियमित सहायक उपस्थित रहें।

## प्रकोष्ठ प्रभारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें- उप जिला निर्वाचन अधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिले में आगामी पंचायतीराज आम चुनाव-2026 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित करवाने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए गठित प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) रामरतन सौंकरिया ने बैठक ली। इस दौरान भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी सुरेश चौधरी, एसडीओ हुक्मीचन्द रोहलानिया, कोषाधिकारी हरीश लालावत, डीएसओ इन्द्रपाल मीना, डीटीओ सम्पतराम चांदोलिया समेत सभी अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी पंचायतीराज चुनाव में गठित प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी को जो कार्य दिया गया है, उसकी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रकोष्ठ प्रभारी चुनाव कार्य को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक मैन पावर, संसाधन की सूची समय पर जिला निर्वाचन कार्यालय भिजवाये।

## टोंक में स्पेशल टीम की बड़ी कार्रवाई, तीन थाना क्षेत्रों में अवैध नशा व ई-सिगरेट बरामद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिले की स्पेशल टीम द्वारा नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जिले के तीन थाना क्षेत्रों में छापामार कार्यवाही करते हुए नशे की कमर तोड़ दी है। टीम द्वारा टोंक सदर, कोतवाली एवं पचेवर थाना इलाके से अवैध मादक पदार्थ गांजा, हथकढ़ शराब व नशा युक्त फ्लेवर जप्त किया है।

## राजस्थली स्कूल मे पारंपरिक उल्लास के साथ वार्षिक सद्बुद्धि यज्ञ का भव्य आयोजन हुआ

### स्कूल संस्थान का उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर के ज्योति कॉलोनी स्थित राजस्थली स्कूल मे पारंपरिक उल्लास के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक सद्बुद्धि यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 108 गायत्री और सरस्वती मंत्रों की आहुतियों के साथ हवन संपन्न हुआ है राजस्थली स्कूल के निदेशक कुलदीप वैष्णव ने जानकारी में बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना छात्रों में नैतिक मूल्यों, मेधा और सद्बुद्धि का विकास करना विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच गुरु और शिष्य का सम्मान भरा गहरा रिश्ता जीवन भर बना रहे इसी अनमोल रिश्ते को ध्यान में रखकर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं। इस दौरान स्कूल भवन में गायत्री मंत्र और सरस्वती वंदना से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा



कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों को एकाग्रता और अच्छे विचारों की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रशासन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच प्रसाद भी वितरण किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों का सुरक्षा कवच : जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में फसल कटाई प्रयोगों की प्रगति समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों की सुरक्षा कवच है और इसके सफल क्रियान्वयन में प्रशासन की सजगता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना के उद्देश्यों को पूर्ण रूप से साकार करने की बात कहीं। उन्होंने फसल कटाई प्रयोगों को निर्धारित नियम-प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान कर प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाया जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि फसल कटाई संबंधी आंकड़ों को दैनिक डायरी में नियमित रूप से अंकित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल कटाई के उपरांत विभिन्न फसलों को अलग-अलग रखकर उनका वैज्ञानिक तरीके से आकलन किया जाए तथा सभी आंकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्टि समयबद्ध रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी पर उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। बैठक में सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार तथा बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 18 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, टोंक द्वारा 18 फरवरी को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर, सुभाष बाज़ार, टोंक, में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी राजकुमार मीना ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनी द्वारा मौके पर ही बेरोजगार युवको को रोजगार उपलब्ध करवाया जायेगा एवं विभिन्न राजकीय विभागों में संचालित रोजगार/स्वरोजगार योजनाओ के आवेदन पत्र भी कार्यक्रम स्थल पर ही तैयार किये जायेंगे। साथ ही राजस्थान कौशल विकास निगम एवं बडौदा स्वरोजगार विकास निगम द्वारा बेरोजगार युवाओं का प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र भी तैयार किये जायेंगे। बेरोजगार आशार्थी अपने 2 फोटो, समस्त मूल शैक्षिक/प्रशैक्षिक दस्तावेज एवं अपना रिज्युम भी साथ में लाने की सुनिश्चितता करें जिससे चयन में सुगमता हो सके। रोजगार सहायता शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक आशार्थी अपना रिज्युम भी साथ लाने की सुनिश्चिता करें।

## तीन दिवसीय दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** किसान नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 80वीं जयंती के अवसर पर एआईसीसी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी, टोंक विधायक सचिन पायलट, श्री भगवान महावीर दिव्यांग समिति के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क विशाल दिव्यांग सामग्री वितरण तीन दिवसीय शिविर 10 फरवरी से 12 फरवरी को अग्रवाल धर्मशाला टोंक में समापन हुआ, जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सऊद सईदी, जमील सईदी, टोंक विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमित गर्ग, निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा मौजूद रहे । इस अवसर पर लगभग तीन दिवस में 1500 दिव्यांग को सामग्री वितरण की गई, कृत्रिम अंग, कैलिपर, बैसाखी, व्हीलचेयर,



ट्राई साइकिल, छड़ी, सुनने की मशीन, ग्लूकोमीटर, शिविर में बीपी व मधुमेह रोगियों का नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन व जांच की गई, लगभग डेढ़ हजार का रजिस्ट्रेशन किया गया, सभी दिव्यांगों का चेहरा सामग्री प्रकार खुशी से खिल उठा। सऊद सईदी ने सचिन पायलट व डॉक्टर डी आर मेहता का धन्यवाद देते हुए कहा कि संसार में दिव्यांगों की सेवा अपने आप में एक सुखद अनुभव है, प्रत्येक मानव को जीवन में लोगों की सेवा करना चाहिए । इस अवसर पर डॉक्टर सुमित गर्ग ने कहा कि इस अनूठी पहल से दिव्यांगों को बड़ा लाभ मिला है । उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जन सेवा के आयोजित किए जाने चाहिए । कैंप के साथियों व यूनिट का मोमेंटो देकर धन्यवाद दिया। समर्पण समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जन सेवकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिनेश चौरासिया, कैलाशी देवी मीणा, सीपी श्रीवास्तव, हंसराज फागणा, वसीद नूर, सलीमुद्दीन खान, सै. मेहमूद शाह, राहुल सैनी, शैलेंद्र शर्मा, इम्तियाज़ खान, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, आबिद मेवाती, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, धर्मेंद्र सालोदिया, लियाकत चंदलाई, कमलेश चावला, इमरान पहलवान, फोजू राम मीणा, नीरज गुर्जर, आमिर फारूक, ओसाफ खान, मूलचंद बैरवा, युसूफ यूनिवर्सल, राशिद इंटक, नवीन बैरवा, मणिन्द्र बैरवा, आकाश बैरवा, रामस्वरूप जाट, वालीउल्लाह बैग, अमित अग्रवाल, बजरंग लाल वर्मा, मोहन मीणा, लालाराम, मोतीलाल, दयाराम, अशरफ गुंज, मुबारक अली एवं नसीम अंसारी आदि मौजूद थे।

**ग्राम पंचायतों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने पर दिया जोर**

# स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक सलोनी खेमका ने लिया गांव में सफाई व्यवस्था का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की निदेशक सलोनी खेमका ने गुरुवार को जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के कार्यो का औचक निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय दल में संयुक्त निदेशक मुरारी लाल शर्मा, सर्वेश गुप्ता एवं निर्देश कुमार उपस्थित रहें। निदेशक ने टोंक पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मेहन्दवास व देवली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जूनिया का निरीक्षण कार्य किया। जिसमें ग्राम पंचायतों में चल रहे घर-घर कचरा संग्रहण कार्य, सडक़ सफाई,



नाली सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार, जिला परियोजना समन्वयक दामोदर बैरवा, अधिशाषी अभियन्ता कबीर अख्तर, विकास अधिकारी सविता राठौड़ एवं रानू इंकिया उपस्थित रहे। निदेशक ने ग्राम पंचायत में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को नियमित व सुदृढ बनाने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही ग्राम पंचायतों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर दिया। ग्राम पंचायत मेहन्दवास में ग्रे-वाटर मेनेजमेन्ट के लिए गांव से निकलने वाले पानी के लिए उचित मात्रा का डब्ल्यू.एस.पी. बनाने के निर्देश प्रदान दिए। निरीक्षण के पश्चात जिला परिषद सभागार में योजना की समीक्षा बैठक की गई जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, जिला परियोजना समन्वयक, पंचायत समितियों के विकास अधिकारी, पं.स. सहायक अभियन्ता, ब्लॉक प्रभारी अधिकारी, खण्ड समन्वयक, कम्प्यूटर आपरेटर शामिल हुए। उन्होंने योजना के समस्त घटकों की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देश दिये की माह फरवरी, 2026 के अंत तक समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाकर आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरुकता पैदा की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रे-वाटर मेनेजमेन्ट के लिए प्रत्येक पंचायत समिति में डब्ल्यू.एस.पी. का निर्माण स्थानीय आवश्यकता के अनुसार किया जावें। साथ ही ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण केन्द्र का भी निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए।

# ढेलाणा में महर्षि दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती मनाई

**सत्य की खोज जीवन का अंतिम लक्ष्य -मनोज कुमार शर्मा**



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट के समीप राजस्व गांव ढेलाणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 202वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजू शर्मा ने की। आज के मुख्य वक्ता जगदीश सिंह चुंडावत ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी का जन्म 12 फरवरी 1824 ई को टंकारा, गुजरात राज्य के ब्राह्मण परिवार में हुआ। महर्षि दयानंद सरस्वती महान विचारक, समाज सुधारक के साथ स्त्री शिक्षा, वेदों के प्रचार, गौ रक्षा के समर्थक रहे । इन्होंने आर्य समाज की स्थापना 10 अप्रैल 1875 ई को मुंबई में की। दयानंद सरस्वती जी ने वेदों की ओर लौटो का मुख्य नारा दिया । शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती मूर्ति पूजा, छुआछूत तथा बाल विवाह,अन्धविश्वास जैसी कुरीतियों के घोर विरोधी थे । इनके बचपन का नाम मूल शंकर था। इनके अनुयायियों ने डीएवी स्कूलों, कॉलेजों की एक विशाल श्रृंखला स्थापित की । दयानंद सरस्वती जी ने स्वराज शब्द का प्रयोग 1876 में किया। इनकी प्रमुख रचना सत्यार्थ प्रकाश है। 30 अक्टूबर 1883 दीपावली के दिन दयानंद सरस्वती जी का निधन हो गया। कार्यक्रम में राजू पावण्डा, मुकेश गूगड, चुन्नीलाल रेगर, गोपाल टेलर, लता शर्मा, संजू शर्मा के साथ विद्यार्थी रवि, सोनिया, योगेश, कृष्णा, नव्या, ममता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नारायण लाल रेगर ने किया। यह जानकारी जगदीश सिंह चुंडावत ने दी।

# राजसमंद के 950 साल पुराने गुप्तेश्वर महादेव में महाशिवरात्रि की धूम, तैयारियां अंतिम चरण में



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कांकरोली सनातन धर्म का प्रमुख पर्व महाशिवरात्रि नजदीक आते ही राजसमंद जिले के शिवालयों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। कांकरोली स्थित करीब 950 वर्ष प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यह मंदिर जन-जन की आस्था का केंद्र है, जहां विशाल गुफा के भीतर स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है।महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर मंडल, नगर परिषद और जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि दीवारों पर रंग-रोगन और आकर्षक चित्रांकन का कार्य अंतिम चरण में है।मंदिर प्रशासन के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रशासन सतर्क है और आवश्यक पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर अपनी प्राचीनता और प्राकृतिक गुफा में स्थित स्वयंभू शिवलिंग के कारण विशेष महत्व रखता है। महाशिवरात्रि पर यहां पूरी रात भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा।आस्था, श्रद्धा और भक्ति के इस महापर्व को लेकर राजसमंद में शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# पावटा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना की मांग

**अभिभाषक संघ ने सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन**



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अभिभाषक संघ पावटा के अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के सदस्यों ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ को ज्ञापन सौंपकर पावटा उपखण्ड मुख्यालय पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित करने की मांग उठाई है। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ मुख्यालय पर पहले से ही जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ चार अन्य अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संचालित हैं। यदि इनमें से अपर जिला एवं सत्र न्यायालय क्रम संख्या 4 का मुख्यालय पावटा कर दिया जाता है, तो पावटा उपखण्ड क्षेत्र की जनता को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस मांग को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को न तो नया न्यायाधीश नियुक्त करना होगा और न ही अतिरिक्त स्टाफ या अलग से बजट की आवश्यकता पड़ेगी। केवल न्यायालय का मुख्यालय परिवर्तन करने से ही यह व्यवस्था संभव हो सकती है। एडवोकेट रामनिवास यादव ने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ मुख्यालय पर लंबित सिविल, फौजदारी एवं अपीलीय मामलों में लगभग 40 प्रतिशत मामले पावटा उपखण्ड क्षेत्र से संबंधित हैं। ऐसे में पावटा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित होना न्यायहित में अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव सुरेंद्र शेखावत, उपाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मपाल यादव, अनिल यादव सहित अनेक अभिभाषक उपस्थित रहे।

**जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का 22वा दीक्षांत समारोह आयोजित**

## भारतीय ज्ञान परंपरा, बेटियों की उपलब्धियों और एआई युग में विवेकपूर्ण शिक्षा पर दिया बल

# ‘ज्ञान को कर्म में बदलें, यही दीक्षांत का सच्चा संदेश’ : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ जोधपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के नए चरण की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अर्जित ज्ञान को कर्म में बदलते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। राज्यपाल ने कहा कि जिस समाज में बेटियां आगे बढ़ती हैं, वही समाज तेजी से विकास करता है यह गर्व का विषय है कि आज स्वर्ण पदकों में बड़ी संख्या में बेटियां अग्रणी रही हैं।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की शिक्षा परंपरा सदियों से समग्र विकास, नैतिक मूल्यों और आत्मबोध पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि हमारे वेद, उपनिषद और गुरुकुल प्रणाली ने केवल विद्या नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की शिक्षा दी है। विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि वे आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय करें। इससे विद्यार्थी केवल कुशल पेशेवर ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए वैश्विक मंच पर भारत का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि आज का युग सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ‘बोधन एआई स्टैक’ जैसी पहल शिक्षा के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करेगी, जिससे विद्यार्थियों को अपनी भाषा में इंटरएक्टिव शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होगी। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि एआई मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं ले सकती, इसे संदर्भ के रूप में उपयोग करें, पर बौद्धिक क्षमता का विकास स्वयं करें। उन्होंने ‘राष्ट्र प्रथम’ की सोच के साथ जीवन का ध्येय निर्धारित करने और ‘विकसित भारत 2047’ के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। समारोह में कुल 52,682 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधियां प्रदान की गईं तथा 59 स्वर्ण पदक वितरित किए गए।



# किसानों के लिए आमदनी की असीम संभावनाओं के द्वार खोलेगा आंवला

- शुक्रवार को होगा जिला स्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर जिले में कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा 13 फरवरी को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक उपज आंवला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संपन्न होगा।

यह सम्मेलन किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करण इकाइयों और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां आंवला उत्पादन से जुड़े विभिन्न आयामों पर संवाद स्थापित होगा तथा उत्पादकों को विपणन के नए अवसर प्राप्त होंगे। सम्मेलन में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक किसान, क्रेता, एफपीओ प्रतिनिधि, व्यापारी एवं कृषि उद्यमी भाग लेंगे।

मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कृषि उत्पादों की विशिष्ट पहचान को बढ़ावा देने के लिए जयपुर जिले की पंच गौरव उपजों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इन स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक कृषि उत्पादों के साथ-साथ उनके मूल्यवर्धित स्वरूप को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार विस्तार को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक श्री हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि प्रदर्शनी में आंवला से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों जैसे मुरब्बा, कैंडी, जूस, चूर्ण और औषधीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही आधुनिक कृषि उपकरणों, प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग, भंडारण एवं गुणवत्ता संवर्धन से जुड़े नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# विद्युत निगमों में तकनीशियन की मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी ऑनलाइन परीक्षा आगामी 23 को

**पहली बार आधार से भी सत्यापन**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान राज्य के विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई)/ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई)/प्लांट अटेंडेन्ट-तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन मुख्य परीक्षा का आयोजन राजस्थान के ग्यारह जिलों में 23 फरवरी, 2026 को दो पारियों में किया जायेगा। मुख्य परीक्षा की स्कीम एवं सिलेबस संबंधी सम्पूर्ण जानकारी विद्युत निगमों की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। मुख्य परीक्षा की समयावधि 2 घंटे की होगी जिसमें 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होगें। गलत उत्तर देने पर निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान है। अभ्यर्थी विद्युत निगमों की वेबसाईट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस संबंध में अभ्यर्थियों को उनके मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल द्वारा भी सूचित कर दिया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विद्युत निगमों की वेबसाईट पर इन्फोर्मेशन हेण्डआउट भी अपलोड किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई)/ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई)/प्लांट अटेंडेन्ट-तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम जनवरी 2026 में घोषित किया गया था जिसमें रिक्तियों के लगभग दस गुणा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया है।

# गुजरात में राजस्थानी शराब तस्करी का मुख्य किंगपीन गिरफ्तार

**आठ हजार का इनामी तीन वर्षों से पुलिस को छका रहा था**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** राजस्थान में बिकने के लिए निर्मित शराब को गुजरात में तस्करी कर रहे आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। करीब तीन वर्षों से पुलिस को छका रहे इस बदमाश पर आठ हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। गुजरात में शराब तस्करी का मुख्य किंगपीन होने से पुलिस इसी सरगर्मी से तलाश कर रही थी, लेकिन यह हर बार ठिकाना बदल कर पुलिस को छकाता रहा। सरूपगंज थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि आठ हजार के इनामी तस्कर आकराभट्टा-आबूरोड हाल महादेव रेजिडेंसी आबूरोड निवासी आशीष उर्फ आसु अग्रवाल पुत्र रमेशचन्द्र अग्रवाल की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। इत्तला मिलने पर पुलिस उसे अहमदाबाद से दस्तियाब कर ले आई। यहां लाकर गिरफ्तार कर लिया।

**एक ही दिन दो मामलों में था वांछित**

पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर, 2023 को सरूपगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के दो मामले पकड़े थे। सरगामाता मंदिर के सामने कार नंबर जीजे-02-सीएल-5598 से 43 कर्टन अंग्रेज़ी शराब बरामद कर मूलाराम को गिरफ्तार किया था।

वहीं, काछोली बोर्ड पर कार्रवाई के दौरान चालक ने फरार होने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर वीर बावजी मंदिर के सामने से पकड़ लिया गया। कार नंबर जीजे-18-बीके-6836 से भी 43 कर्टन राजस्थान निर्मित शराब बरामद कर जितेंद्रसिंह को गिरफ्तार किया। इन दोनों ही मामलों में मुख्य सप्लायर आशीष उर्फ आसु अग्रवाल का नाम सामने आया।

**गुजरात में खपा रहा था अवैध शराब**

बताया जा रहा है कि आशीष उर्फ आसु गुजरात में शराब तस्करी का यह मुख्य आरोपी था। राजस्थान में बिकने के लिए निर्मित शराब को गुजरात में खपाने का काम कर रहा था। यहां से कुरीयर के जरिए माल मंगवा रहा था। गुजरात में विभिन्न जगह खपाने के लिए भी इसने पूरा जाल बिछा रखा था। राजस्थान से जाने वाला माल गुजरात में अलग-अलग जगहों पर सप्लाई करने का कारोबार चलाया जा रहा था।

**गांवों के ठेकों से तस्कर उठा लेते हैं शराब**

सूत्र बताते हैं कि शराब के ठेकों पर बचा रहने वाला माल तस्करी के जरिए गुजरात जाता है। ठेकेदारों को टारगेट के अनुरूप अपना माल खरीदना ही होता है। इस माल को ये बड़े तस्करों के जरिए बेच देते हैं। कई ऐसे गांव, जहां गिनती के घर हैं, लेकिन करोड़ों की शराब बिक रही है। यह भी इसी तरह का खेल है। गुजरात से सटे मंडार, मैथीपुरा, जाम्बूड़ी जैसे गांवों के ठेकों से इसी तरह से शराब पार हो रही है। यह सारा माल आशीष उर्फ आसु जैसे मुख्य किंगपीन के जरिए गुजरात में खपाया जा रहा है।

**बजट 2026**

# सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश के सर्वांगीण विकास को समर्पित-मनोज यादव



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** भजनलाल सरकार के तीसरे बजट को विधानसभा में वित्तमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट को लेकर पावटा भाजपा उपाध्यक्ष मनोज यादव (प्रधान) पावटा ने कहा कि यह बजट सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश के सर्वांगीण विकास को समर्पित है बजट 2026 निश्चित ही प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा गया है बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के विकास का खास ख्याल रखा गया है युवा पीढ़ी को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया गया है ।

# भारत वर्ष में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें-जोईया एडवोकेट राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एक नई राह) के मार्गदर्शक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के मार्गदर्शन व मंच के तत्वाधान में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सह-संयोजक एडवोकेट दादू खान जोईया राजस्थान (राष्ट्रीय गौ सवो/रक्षा प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में माननीय राष्ट्रपति/माननीय प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार के नाम मांगपत्र (खुलापन) श्रीमान उपखंड अधिकारी अनूपगढ़ के मार्फत एडवोकेट रमेश सारस्वत पूर्व बार संघ अध्यक्ष, बेअन्त सन्धू वकील, हंसराज डाल, दिनेश भास्कर, पेशकार विजय कुमार, प्रदीपनन्दा, सुश्री पारूल शर्मा, संवाददाता भविश गर्ग व साथियों के साथ दिनांक 12.02.2026 को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जोईया एडवोकेट द्वारा बताया गया कि आजादी से पूर्व रियासतें बीकानेर, पटियाला, ग्वालियर, काठियावाड़ आदि में गायपालक थे बाद में छिन्न-भिन्न हो गये तथा गुलामवंश, सुल्तानवंश व मुगलों के शासनकाल में गौ हत्या पर प्रतिबंध था। इसी कड़ी में एडवोकेट हाजी दादू खान जोईया ने अनूपगढ़ की न्यायपालिका के वरिष्ठ अधिकारीगण मनीष अग्रवाल अपर सैशन जज, श्रीमती सोनिया पूर्वा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुरेश बुरडक व रीडरगण गोविन्दप्रसाद, राजेन्द्र जोशी व नाजीर विकास अरोड़ा तथा होमगार्ड पवन शर्मा, वरिष्ठ एडवोकेट हरिचंद चुघ, रमेश चालिया आदि को भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की सामाजिक सहभागिता करने की अपील की गई। जोईया ने बताया कि देश की कई न्यायपालिकों ने भी गायों को राष्ट्रीय पशु में शामिल करने के लिए भारत/राज्य सरकार को निर्देशित किया है तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहरलाल खट्टर द्वारा जोईया दादू खान एडवोकेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था तथा खुलापत्र से मांग है कि गाय के गोबर व मूत्र को सरकारी खरीद में लिया जाकर तथा बांझपन गायों को कृत्रिम राठी नस्ल के सांडों से गर्भाधारण कराया जावें।



# बार एसोसिएशन जिला डीग के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**राजस्व न्यायालय भरतपुर से डीग जिले की पत्रावलियों को राजस्व कैंप कोर्ट डीग में अंतरित करने की मांग**

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** बार एसोसिएशन जिला डीग के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को अध्यक्ष सुबोध पाराशर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने राजस्व अपील अधिकारी मुख्यालय भरतपुर से नवसृजित डीग जिला के उपखण्ड डीग, नगर, कामां, पहाडी, सीकरी, कुम्हेर की लम्बित राजस्व पत्रावलियों को राजस्व अपील अधिकारी कैम्प डीग न्यायालय में अन्तरित करने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि डीग में विगत काफी वर्षों से राजस्व अपील अधिकारी कैम्प न्यायालय चल रहा है जिसके अधीन उपखण्ड डीग, नगर, कामां, पहाडी, कुम्हेर एवं सीकरी की पत्रावलियों की सुनवाई राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित है । दो वर्ष पहले राजस्थान सरकार द्वारा डीग को नवीन जिला बनाया दिया गया है ।लेकिन उपरोक्त उपखण्ड जो कि डीग जिला में शामिल है ।उनकी अपीलों की सुनवाई अभी भी राजस्व अपील अधिकारी मुख्यालय भरतपुर में की जा रही है जिनकी संख्या लगभग 400 है। जिस चलते उपरोक्त सभीबउपखण्डों के पक्षकारो को सुनवाई के लिए मुख्यालय भरतपुर जाना पडता है। जिससे उनको आर्थिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पडता है ।राज्य सरकार द्वारा डीग को नवीन जिला बनाने के बाद मुख्यालय भरतपुर पर लम्बित पत्रावलियों को न्यायहित में डीग कैम्प न्यायालय में सुना जाना आवश्यक है। इस लिए राजस्व अपील अधिकारी मुख्यालय भरतपुर से डीग जिले के उपखण्ड डीग, नगर, कामां, कुम्हेर, पहाडी एवं सीकरी की लम्बित पत्रावलियों को कैम्प न्यायालय डीग में अन्तरित किये जाने के आदेश जारी किए जाबे।



प्रतिनिधि मंडल में नीरज वर्मा महेंद्र चौधरी गणेश लाल यादव अनिल गुप्ता प्रवीण चौधरी मुकेश कश्यप भगत सिंह फौजदार आदि अधिवक्ता शामिल थे।

# नानी बाई का मायरा’ में भक्ति, व्यंग्य और आस्था का संगम, कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** निचली मियारी में आयोजित श्री ओंकारेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही ‘नानी बाई का मायरा’ कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। रामस्नेही संत श्री रामचरणजी महाराज ने कथा वाचन करते हुए भक्ति, आस्था और सामाजिक व्यंग्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया।कथावाचक महाराजश्री ने नरसी मेहता की निर्धनता और समाज के तानों पर व्यंग्य करते हुए बताया कि जब मनुष्य सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है तो स्वयं श्रीकृष्ण भक्त की लाज रखने के लिए आगे आते हैं। कथा के दौरान उन्होंने समाज में व्याप्त दिखावे, अहंकार और रिश्तों में बढ़ती औपचारिकता पर कटाक्ष किया।महाराजश्री ने व्यंग्यात्मक शैली में कहा कि आज का समाज मायरे को प्रतिष्ठा और प्रदर्शन से जोड़ देता है, जबकि वास्तविक मायरा तो श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने समझाया कि नरसी मेहता के पास धन नहीं था, लेकिन भक्ति की संपत्ति इतनी प्रबल थी कि भगवान को स्वयं मायरा भरने आना पड़ा।

कथा के प्रसंगों में जहां हास्य और व्यंग्य से श्रोताओं को सोचने पर मजबूर किया गया, वहीं भावुक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। कथा स्थल भजन-कीर्तन और ‘जय श्रीकृष्ण’ के जयघोष से गूंज उठा।मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत यज्ञ-हवन और पूजन अनुष्ठान भी विधिवत जारी हैं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।आयोजन समिति के अनुसार कथा आगामी दिनों में भी प्रतिदिन सायं आयोजित होगी।

# पक्के आवास का सपना हुआ साकार प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली संपत नायक के परिवार की जिंदगी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत पांडोली के ग्राम माताजी की पांडोली में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत लाभान्वित किया गया। संपत पत्नी प्रकाश नायक को उनके पूर्ण निर्मित आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। संपत का परिवार पिछले कई वर्षों से कच्चे एवं जर्जर मकान में निवास कर रहा था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, गर्मियों में अत्यधिक गर्मी और सर्दियों में ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन न होना, उनके परिवार के लिए बड़ी परेशानी का कारण था। सीमित आय के कारण वे स्वयं पक्का मकान बनाने में सक्षम नहीं थे, जिससे उनका पक्के घर का सपना अधूरा ही रह गया था।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उनके आवास का स्वीकृति प्रस्ताव पारित होने के बाद चरणबद्ध रूप से निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। योजना के तहत उन्हें नियमानुसार वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे गुणवत्तापूर्ण पक्का मकान तैयार हुआ। नव-निर्मित आवास में अब उन्हें सुरक्षित छत, स्वच्छ वातावरण एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। ग्राम उत्थान शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जब संपत को उनके नए आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई तो उनके चेहरे पर संतोष और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'अब मेरे बच्चों को बारिश में भीगना नहीं पड़ेगा और हम सुरक्षित व सम्मानपूर्वक जीवन जी सकेंगे।'

# स्वावलम्बन शिविरों का आयोजन का आयोजन 24 फरवरी तक दिव्यांगजनों को मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज उन्नति के तहत बीकानेर जिले में स्वावलम्बन पॉर्टल पर लम्बित 3870 आवेदनों के शत प्रतिशत निस्तारण और दिव्यांगताओं के प्रमाणीकरण के लिए 11 फरवरी से पी.बी.एम. हॉस्पीटल के पीछे स्थित पी.एम.आर. अस्पताल में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा जारी आदेशानुसार 13 फरवरी को लूणकरणसर व कोलायत, 14 को कोलायत व बज्जू खालसा, 16 को बज्जू खालसा व हदां, 17 को हदां व खाजूवाला, 18 को खाजूवाला व पूगल, 19 को पूगल व छत्तरगढ़, 20 को छत्तरगढ़ व नोखा, 21 को नोखा व पांचू, 23 को नोखा व श्रीडूंगरगढ़ में तथा 24 फरवरी को श्रीडूंगरगढ़ के शेष रहे दिव्यांगों के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# केंद्रीय संयुक्त श्रम संगठन राजस्थान द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन सोपा



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** भारत सरकार की देसी विदेशी पूंजी पतियों व औद्योगिक घरानो के पक्ष में बनाई गई श्रम विरोधी नीतियां चार लेबर कोड श्रम शक्ति 2025 आदि आप द्वारा जनता पर कुठाराघात नीतियां सभी श्रमिक व जन विरोधी नीतियों के विरोध में संयुक्त राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के निर्णय की पालना 12 फरवरी राष्ट्र व्यापी हड़ताल का पुर जोर समर्थन करते हुए 16 सूत्री समस्याओं के निराकरण की मांग करी जिसमें मजदूर विरोधी चार लेबर कोड निरस्त करें, बढ़ती हुई महंगाई में न्यूनतम वेतन 30000 पर मासिक करें ठेका प्रथा और निजीकरण बंद करें 31 दिसंबर हाई कोर्ट का निर्णय लागू कर अस्थाई कच्चे कर्मियों स्कीम वर्कर्स को स्थाई करें रिक्त पड़े सभी पदों पर स्थाई नियुक्ति की जाए निर्माण मजदूर का पोर्टल शुरू करें सभी सुविधा दें न्यूनतम पेंशन 10000 मासिक हो बिल 2025 निरस्त करो पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करो सभी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करो बीमा क्षेत्र के 100प्रतिसत एफडीआई को वापस लो सभी फसलों पर एम एसपी व खरीद की गारंटी दो किसान मजदूर के कर्ज माफ करो परमाणु ऊर्जा शांति अधिनियम बिजली बिल 2025 निरस्त करो सीमेंट उद्योगों में श्रम कानून की पालना करो उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो सभी राजकीय चिकित्सालय में कार्य संविदा कर्मियों को मात्र 7000 में मासिक वेतन है राज्य सरकार का निर्धारित वेतन लागू करें बीजी रामजी को निरस्त करो और मनरेगा को मजबूत कर बहाल करो ।

# विराट हिंदू सम्मेलन, कुंभा मंडल कुंभा नगर की कार्यकारिणी की घोषणा तथा मातृशक्ति बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( संजय खाबिया )।** कुंभा नगर में कुंभा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा प्रवीण टांक कुंभा मंडल पालक एवं जयवर्धन के सानिध्य में संपन्न हुई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष भेरुलाल जाट, उपाध्यक्ष मनोज सोनी, आशा पोखरना, प्रमोद गौड, प्रदीप सारंगदेवोत, रामबक्श कीर, कार्यक्रम संयोजक मदन त्रिपाठी, सहसंयोजक राधा काबरा, शंकरसिंह शेखावत, दीपक नाहर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोमानी, मुकेश आचार्य, देवकांत शर्मा, प्रचार प्रसार सहयोगी डॉ रेनू सोमानी, प्रीति मीणा, नरेंद्र पोखरना, शोभायात्रा प्रभारी शिवानी साहू, गायत्री राव, मुकेश आचार्य, मनोहर शर्मा, सुनीता शर्मा, संरक्षण मंडल सदस्य सुरेश ईनाणी, जानकीलाल भंडारी, मुकुंदसिंह चौहान, भेरुलाल सांखला, शिवनारायण जोशी, हरिशंकर गोयल, भेरुलाल राव, केसरसिंह, शंकरलाल टांक, साधना ईनाणी की घोषणा की गई तथा व्यवस्थाएं सौंपी गई।



इसके साथ ही मातृशक्ति की बैठक राम मंदिर कुंभा नगर में संपन्न हुई जिसमें शोभायात्रा की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई और सभी से परिवार सहित शोभायात्रा में शामिल होने का निवेदन किया गया। शोभा यात्रा की तैयारी के संबंध में महिलाओं की परिधान, शोभायात्रा में अनुशासन, कलश लेकर पंक्तिबद्ध चलना, शुरू से अंत तक अपनी सहभागिता रखना व सभी व्यवस्थाओं में सहयोग देने पर चर्चा हुई।

# आर्थिक रूप से सशक्त महिला, आत्मनिर्भरता की पहली पहचान- सरिता सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

## हिन्दुस्तान जिंक चन्देरिया लेड जिंक स्मेल्टर द्वारा आयोजित सखी उत्सव का आयोजन

### 1800 से अधिक 'सखियों' ने हर्षोल्लास से की भागीदारी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़( संजय खाबिया )।** हिन्दुस्तान जिंक के सखी कार्यक्रम साथ इतनी सारी महिलाऐं जुड़ी हुई है जो स्वयं को आर्थिक रूप से संपन्न कर रही है किसी भी महिला को कोई भी निर्णय करने के लिए या कोई भी कार्य करने के लिए बहुत आवश्यक है की उसका समाज में योगदान हो, वो तभी संभव है जब आप खुद आर्थिक रूप से सक्षम है। यह बात अतिक्ति पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने हिन्दुस्तान ज़िंक चन्देरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर, मंजरी फाउंडेशन एंव सखी संगम समिति द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि घर की जिम्मेदारियां निभाते हुए स्वयं को सशक्त बनाना भारतीय महिलाओं की परंपरा रही हैं। महिलाएं संघर्ष करते हुए हमेशा आगे बढती हैं एवं प्रबन्धन में भी महिलाएं सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे हिन्दुस्तान जिंक के सखी, शिक्षा संबल और उंची उड़ान जैसे कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्पलेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने कहा कि वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल एवं हिन्दुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल का समाज एवं विशेष रूप से महिला सशक्तिरण पर मुख्य रूप से फोकस है। 2019 में शुरू किया गया सखी कार्यक्रम वर्तमान में महिला सशक्तिरण का बडा उदाहरण है जिससे 3 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर स्वयं और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथी देवेन्द्रकंवर ने कहा कि कार्यक्रम से इतनी सारी सशक्त महिलाओं को जुड़ते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। आप सभी को मेरी सलाह है कि दृढ़ रहें और अधिक महिलाओं को प्रेरित करते रहें।

सुबह से आयोजित सखी उत्सव में मटकी रेस, रस्सा कस्सी, खेलों का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने बढचढकर हिस्सा लिया। फिर राजस्थानी गीतो पर नृत्य, महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया, जिसमें 1800 से अधिक 'सखी' ग्रामीण महिलाओं, महिला कर्मचारियों एवं जिंक परिवार की सदस्यों ने बढ़ चढ़कर परिवार, समाज और देश को सशक्त करने का प्रण लिया। उठोरी जागृति मंच की टीम ने नाटिका के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। खेल प्रतियोगिता प्रतिभागी तथा विजेता महिलाओं को पुरस्कार वितरीत किये गये। सखी उत्सव में सखी फेडरेशन की मैनेजर अर्पिता व्यास ने परियोजना की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नगरी सरपंच देवकिशन रेगर, सरपंच रोलाहेडा गोवर्धन सालवी, चैगावडी सरपंच बहादुर सिंह, सतपुडा सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह, देवरी सरपंच मांगी लाल डांगी, जिंक लेडिज क्लब से सोनल सुराणा, प्ररेणा मुखर्जी, भाग्या कनन, गुर्जर खेड़ा से कमला देवी, प्रतिरोध फाउण्डेशन से सुमन चैहान, आसीडीएस विभाग से पुजा साहु हेड सीएसआर सुदंर राज, सीएसओ जी मलेशम, डिप्टी सीएसआर हेड योगेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण माहौल में सैकंडरी परीक्षा का आगाज़, 90 केंद्रों पर अंग्रेजी का पेपर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सैकंडरी परीक्षा का शुभारंभ गुरुवार को अंग्रेजी विषय के पेपर के साथ हुआ। जिले के कुल 90 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुबह 8.30 बजे शुरू होकर 11.45 बजे शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में 87 राजकीय एवं 3 गैर राजकीय परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चार उड़न दस्ते सक्रिय रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्विघ्न और शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई।

# सेवा से सजी श्रद्धांजलि

## स्व. वासुदेव सिंहल की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुए विविध सेवा प्रकल्प

**गौसेवा, वृद्ध सेवा और पक्षी सेवा के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित**




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** भारत विकास परिषद, नेताजी सुभाष शाखा ब्यावर के तत्वावधान में स्व. वासुदेव सिंहल (संस्थापक - गणेश मोटर ड्राइविंग स्कूल, ब्यावर) की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर विविध सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया गया इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला सिंहल, पुत्र एडवोकेट अतुल सिंहल, कपिल सिंहल एवं सिंहल परिवार द्वारा समाज सेवा के कार्यों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8 बजे अजमेर रोड स्थित वंदे गो मातरम चेरिटेबल गौशाला में गौमाता के लिए चारा डाला गया तथा दवाई एवं गुड़ की व्यवस्था की गई।

इसके पश्चात प्रातः 10.45 बजे ब्रह्मधाम स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए भोजन करवाया गया वहीं दोपहर 1.45 बजे विजयनगर रोड स्थित जैन दादावाड़ी पक्षीशाला में पक्षियों के लिए दाना-पानी की सेवा की गई साथ ही भारत विकास परिषद के सम्मानित सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई ।

# बीआईएस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल कपासन के 31 छात्रों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** भारतीय मानक ब्यूरो के संयोजन में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में गुरुवार को बीआईएस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बीआईएस से संबंधित विभिन्न पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में स्टैंडर्ड मानक क्लब में शामिल 31 विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।मेंटर टीचर अजय शर्मा (व.अ.-गणित) सहयोग से प्रतियोगिता को सफल आयोजन संपन्न हुआ।



इस दौरान विद्यालय के विज्ञान शिक्षक संदीप पाराशर द्वारा मानक क्लब के अंतर्गत आने वाले समस्त स्टैंडर्ड की जानकारी से विद्यार्थियो को अवगत कराते हुवे विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।साथ ही विद्यालय शिक्षक सुरेश,राजेंद्र,शिवशंकर,शिक्षिका इंदिरा शर्मा, इंदु शर्मा द्वारा मानक विद्यार्थियों को बीआईएस मानक वस्तुओं के महत्व के बारे में बताया गया।प्रतियोगिता का संपादन मेंटर टीचर अजय शर्मा व विद्यालय के वरिष्ठ कार्यालय सहायक पंकज खोईवाल द्वारा किया गया।वरिष्ठ व्याख्याता पूरणमल जाट ने विद्यार्थियो को मानक क्लब में रुचि लेने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नव्या विजयवर्गीय, द्वितीय दक्षराज बुनकर एवं तृतीय स्थान तस्नीम कौसर ने अर्जित किया।विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# पत्थरगढ़ी से पूर्व 'सीमा ज्ञान' के आदेश पर पुनर्विचार की मांग

- अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- काश्तकारों को हो रही परेशानी का उठाया मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने पत्थरगढ़ी से पूर्व 'सीमा ज्ञान' कराने संबंधी हालिया आदेश पर पुनर्विचार की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह आदेश कानून के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है और इससे काश्तकारों को अनावश्यक समय व धन की हानि हो रही है।

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली के निर्देशन में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा।

रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर ने बताया कि राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट की धारा 111 एवं 128 के तहत काश्तकार की कृषि आराजी की पत्थरगढ़ी का प्रावधान है, जो पड़ोसी खातेदारों की उपस्थिति में तहसीलदार द्वारा संपादित की जाती है। उन्होंने कहा कि इन धाराओं में पत्थरगढ़ी से पूर्व 'सीमा ज्ञान' कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद हाल ही में जिला कलेक्टर द्वारा पारित आदेश में पत्थरगढ़ी से पहले सीमा ज्ञान कराने के निर्देश दिए गए हैं।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस आदेश के कारण काश्तकारों को पटवारी कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले से ही पटवारियों पर अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण वे कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कृष्णगोपाल शर्मा, रणवीर सिंह राणावत, मांगीलाल सेन, सुरेश सुवालका, पीरू सिंह गौड़, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश पटवारी, निक्कीबाला अरोड़ा, कन्हैलाल सेन, गायत्री पटवा, ज्योति जागेटिया, सरिता स्वर्णकार, बालूलाल उपाध्याय, पल्लवी गुप्ता, अनुराग आडोत, मीना सोनी, मानवी कुमावत, पूजा नाथ योगी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मनरेगा कार्यों में बड़ी लापरवाही आई सामने,दो मेटों पर गिरी गाज

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। जिला परिषद् हनुमानगढ़ के निर्देशों पर पंचायत समिति पीलीबंगा के विकास अधिकारी विनोद कुमार रैगर ने दो दिवसीय विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और कमियां सामने आई हैं, जिसके परिणामस्वरूप दो मेटों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। 10 और 11 फरवरी, को आयोजित इस अभियान के तहत सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और अतिरिक्त विकास अधिकारियों सहित तकनीकी टीमों ने पीलीबंगा की 24 ग्राम पंचायतों का दौरा किया। टीमों ने कुल 74 मनरेगा कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। जांच के दौरान न केवल श्रमिकों की उपस्थिति जांची गई, बल्कि मौके पर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता और टास्क बोर्ड की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमला उस समय हैरान रह गया जब कई कार्यस्थलों पर बुनियादी सुविधाओं और नियमों का अभाव मिला। वहीं अधिकांश श्रमिकों के पास कार्य के लिए आवश्यक निजी उपकरण भी नहीं थे और कई श्रमिक उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद मौके पर मौजूद नहीं थे या समय से पहले कार्य छोड़ चुके थे। श्रमिकों के जॉब कार्ड अपडेट नहीं पाए गए और मेटों के पास निरीक्षण पंजिका व मेडिकल किट का भी उपलब्ध नहीं थी।कार्यों को स्वीकृत तकनीकी तकमीना के अनुसार संपादित नहीं किया जा रहा था।



**सख्त कार्रवाई की चेतावनी**-गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर बीडीओ विनोद कुमार रैगर ने दो मेटों को आगामी आदेशों तक नियोजन से हटाने के निर्देश जारी किए। साथ ही, संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों और कनिष्ठ सहायकों को चेतावनी दी गई है कि वे जल्द से जल्द सभी कमियों को दुरुस्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और सरकारी कार्यों में कोताही बरतने वाले किसी भी कार्मिक को बख्शा नहीं जाएगा।

# मेवाड़ रेगर महासभा संस्थान मातृकुंडिया की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ नये नवीन नियमों का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** मेवाड़ रेगर महासभा संस्थान मातृकुंडिया के संयोजन में समाज की साधारण सभा का गुरुवार को आयोजन किया गया।जिसमे समाजजनों द्वारा सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित कर समाजहित में नये नियमों का गठन किया गया।

मेवाड़ रेगर महासभा संस्थान मातृकुंडिया के अध्यक्ष नाथूलाल तरुगलिया ने बताया कि साधारण सभा की बैठक में समाज द्वारा खरीदी गई भूमि पर डोम निर्माण एवं विकास कार्य कराना,समाज में झगड़े की राशि तीन लाख एक हजार रू. तय एवं इसमें से 11 हजार रु. मातृकुंडिया एवं 10 हजार रू. स्थानीय ग्राम विकास हेतु रहेंगे।शादी के लिए रकम आधा किलो चांदी एवं एक तौला सोना तय किया गया।

समाज द्वारा विधवा झगड़ा 22 हजार रू.,शादीशुदा लड़के लड़की की छूट चिट्ठी पर 11-11 हजार रु.मृत्युभोज पर सर्वसम्मति से अंकुश तय किया गया।समाज के बालक बालिकाओं हेतु कक्षा 12 शिक्षा अर्जित करना अनिवार्य किया गया।गैर जातीय फैसला मातृकुंडिया मुख्यालय पर होंगे।साथ ही सामाजिक कार्यक्रम में शराब पर पूर्ण पाबंदी तथा गोल बिटि,व्रत उद्यापन में वस्त्रों पर पूर्ण पाबंदी तय की गयी।

# पंचायत समिति में लगा दस्तावेज बनाने को लेकर शिविर शिविर में जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी रहे नदारद

## विमुक्त घुमन्तु परिवारों के लिए लगाए शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से आये लोग हुए परेशान

बढ़ता राजस्थान





बाड़ी (राजू शर्मा)। जिला कलेक्टर के निर्देश पर बाड़ी पंचायत समिति परिसर में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू परिवारों के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का उद्देश्य पहचान पत्र, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाना है। हालांकि, अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं, जिससे परेशान परिवारों ने शिविर स्थल पर विरोध भी किया। यह शिविर विशेष रूप से उन परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए लगाया गया है जो अक्सर दस्तावेज़ बनवाने में चुनौतियों का सामना करते हैं। इसमें विभिन्न सरकारी पहचान पत्रों और प्रमाण पत्रों को बनवाने की सुविधा दी जा रही है, जो इन समुदायों के लिए आवश्यक हैं। डांग क्षेत्र के चंबल किनारे स्थित सेवर गांव से आईं बुजुर्ग महिला वैजयंती ने बताया कि उन्हें ग्राम पंचायत सचिव ने शिविर के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पहचान पत्र और अन्य कागजात बनवाने की उम्मीद में बड़ी मुश्किल से यात्रा कर पंचायत समिति पहुंचीं। वैजयंती के अनुसार,दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनका कोई काम नहीं हुआ और उन्हें बिना काम के ही वापस सेवर लौटना पड़ रहा है।

मत्सुरा ग्राम पंचायत के सण्डपुरा गांव से आए नट समाज के राजू ने भी अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ वोटर आईडी और आधार कार्ड बनवाने आए थे। एक घंटे से अधिक इंतजार के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। राजू ने आरोप लगाया कि शिविर में पंचायत समिति के विकास अधिकारी समेत, संबंधित विभागों के कर्मचारी नदारद थे, अधिकांश कुर्सियां खाली थीं और जो कर्मचारी मौजूद थे, वे न तो काम कर रहे थे और न ही लोगों को स्पष्ट जवाब दे रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र से आए काला सपेरा ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि वह पहले सांप पकडने का काम करते थे, लेकिन सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब वे मजदूरी या भीख मांगकर गुजारा करते हैं।

उन्होंने बताया कि काम-धंधा छोडक़र और किराए का खर्च उठाकर वे बाड़ी आए थे,लेकिन उन्हें भी निराशा ही हाथ लगी। इस संबंध में पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि आज करुआपुरा, सेवर पाली और सण्डपुरा गांवों के लिए शिविर लगाया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ लोगों के आधार कार्ड या पहचान पत्र शायद पूरे कागजात न होने के कारण नहीं बन पाए होंगे, लेकिन उनका दावा है कि काफी लोगों के काम सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले ग्राम पंचायत स्तर पर भी ऐसे शिविर आयोजित किए गए थे।

## राज्य बजट भरतपुर के विकास के लिए सार्थक -गुप्ता

### भरतपुर डीग क्षेत्र की सड़क परियोजनाओं व स्किलिंग संस्थानों की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** राज्य विधानसभा में पारित किए गए बजट में भरतपुर जिले के लिए विकास के किए गए प्रावधानों को समृद्ध भारत अभियान निदेशक सीताराम गुप्ता ने सार्थक बताते हुए कहा कि निश्चायी इन प्रावधानों से जिले के विकास को गति मिलेगी लेकिन अभी भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनके लिए घोषणाएं होना बाकी है जिन्हें पूरक बजट के दौरान घोषित किया जाए ध्गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा है की पारित बजट में भरतपुर व डीग जिलों के सामाजिक एवं अवसंरचनात्मक विकास के बृज कन्वेंशन सेंटर की स्थापना, भरतपुर को एजुकेशन हब विकसित करने, तथा भरतपुरदृडीग एयरपोर्ट के लिए संभाव्यता अध्ययन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये प्रावधान क्षेत्र की आगामी आर्थिक प्रगति, पर्यटन विस्तार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निवेश संभावनाओं को नई दिशा देंगे। इनसे भरतपुरदृडीग क्षेत्र का समग्र विकास गति पकड़ सकेगा।

निदेशक गुप्ता ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि सप्लीमेंट्री बजट प्रावधानों में अत्यावश्यक सडक़ परियोजनाओं को प्राथमिकता से स्वीकृत किया जाए जिन मे
भरतपुरमथुरा फोरलेन सडक़, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नोएडा व दिल्ली से तेज और सुरक्षित संपर्क स्थापित होगा, जिससे पर्यटन, व्यापार और लॉजिस्टिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी तथा भरतपुर,बहरोड़ फोरलेन सडक़, यह मार्ग किशनगढ़ हाईवे से ब्रज क्षेत्र का सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करेगा तथा खाटू श्यामजी एवं सालासर बालाजी जैसे धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। इससे बड़े पैमाने पर धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा इसी प्रकार डीगदृपहाड़ी से ग्रीन एक्सप्रेसवे तक फोरलेन मागरू इस मार्ग से डीग की दिल्ली से दूरी लगभग 1.5 घंटे रह जाएगी, जिससे होटल उद्योग, पर्यटन, शिक्षा व सेवा क्षेत्रों में बड़े निवेश के अवसर खुलेंगे और डीगदृकामां क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय तेजी आएगी जबकि कामांदृजुरहरादृहोडल फोरलेन सडक़रू मेवात क्षेत्र के औद्योगिक, सामाजिक एवं रोजगार आधारित विकास को गति मिलेगी और हरियाणादृराजस्थान सीमा क्षेत्र के व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे।

## विधायक डॉ. गर्ग के प्रयास ला रहे रंग

## आरबीएम अस्पताल में जल्द शुरू होंगी कैथ लैब और एमआरआई सुविधा, सरकार ने दी वित्तीय स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर संभाग के सबसे बडे आरबीएम जिला अस्पताल में कैथ लैब तथा एमआरआई मशीन लगवाने के लिये लगाये गये प्रश्न का उत्तर देते हुये चिकित्सा मंत्री ने इन दोनों ही मशीनों को आठ महीने में लगवाने का आश्वासन दिया।

राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र में विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने तारांकित प्रश्न रखते हुये सवाल किया कि क्या सरकार भरतपुर संभाग के सबसे बडे आरबीएम जिला अस्पताल में कैथ लैब तथा एमआरआई मशीन लगवाने के लिये विचार रखती है यदि इस अस्पताल में इन मशीनों को लगवाने का सरकार द्वारा विचार है तो वह कब तक लगवा दी जायेगी।

विधायक डॉ.गर्ग के तारांकित प्रश्न का लिखित में चिकित्सा मंत्री ने उत्तर देते हुये बताया कि मेडीकल कॉलेज से संबद्ध आरबीएम चिकित्सालय में कैथ लैब स्थापित किये जाने के लिये 6 करोड 50 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शीघ्र ही उपापन की कार्यवाही कर आरबीएम अस्पताल में आठ माह में कैथ लैब स्थापित कर दी जायेगी। इसके साथ ही आरबीएम चिकित्सालय में एमआरआई मशीन स्थापित करने की भी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। इसे भी आगामी आठ माह में स्थापित करा दिया जायेगा।

गौरतलब है कि विधायक डॉ. सुभाष गर्ग लम्बे समय से आरबीएम जिला अस्पताल में कैथ लैब व एमआरआई मशीन लगवाने की सरकार से मांग करते रहे है और विधानसभा में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से रखते आये हैं। विधायक डॉ. गर्ग के प्रयासों से आरबीएम अस्पताल में शीघ्र ही यह दोनों सरकार द्वारा मशीने स्थापित करा दी जायेंगी। जिससे मरीजों को सस्ती दर पर जांच की सुविधायें आरबीएम अस्पताल में ही मिल सकेंगी तथा भरतपुर संभाग सहित आस पास के जिलों से आने वाले मरीजों को एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी जैसी सुविधाओं के लिये जयपुर अथवा दिल्ली नहीं जाना पडेगा।




## नगर निगम भरतपुर का वर्ष 2026-27 का 575.37 करोड़ रुपये का विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** नगर निगम द्वारा शहर के विकास में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित आय एवं व्यय 575.37 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इस बजट में शहर की आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था के उन्नयन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं नव जोड़े गए ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार भरतपुर जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विकासोन्मुख एवं बेहतर पब्लिक सर्विस डिलीवरी को समर्पित बजट तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम की अनुमानित आय एवं व्यय 575.37 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। आयुक्त ने बताया कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 64 करोड़ रुपये की लागत से आरएनएफसीडी, सीएफसीडी एवं अन्य ड्रेनेज कार्य कराए जाएंगे। इससे वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पूर्व में स्थापित स्मार्ट सेवा केन्द्र 1.0 के माध्यम से जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र आवेदन के दिन ही जारी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 30 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट सेवा केन्द्र 2.0 स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से पट्टा, नामांतरण, फायर एनओसी, सब-डिवीजन, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, भू-उपयोग परिवर्तन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इससे नागरिकों को ई-मित्र या अन्य कियोस्क पर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम भरतपुर क्षेत्र में हाल ही में जोड़े गए 33 ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 70 लाख रुपये की लागत से 200 बड़े डस्टबिन स्थापित किए जाएंगे तथा नियमित कचरा परिवहन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही 3000 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम कार्यालय के लिए कॉर्पोरेट शैली में स्मार्ट सुविधाओं से युक्त नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। प्रथम चरण में लगभग 10 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

भागदौड़ भरी जिंदगी में थकान, घबराहट और चिड़चिड़ापन आम समस्या - डॉ. अनुपमा शर्मा

## तनाव और बेचौनी को कम करती है ग्रंथित मुद्रा-डॉ. पवन शर्मा

बढ़ता राजस्थान





भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में थकान, घबराहट और चिड़चिड़ापन जैसी समस्या आम हो गई हैं, वहीं गलत दिनचर्या के चलते लोग गले में भारीपन और आवाज बैठने जैसी दिक्कतों का सामना करते हैं। जब शरीर और दिमाग में संतुलन बिगड़ता है, तो ऐसी परेशानियां शुरू होती हैं। इन्हीं समस्याओं से राहत देने के लिए योग में ग्रंथित मुद्रा एक आसान उपाय है। ग्रंथित मुद्रा हाथों से की जाने वाली एक सरल मुद्रा ह। यह मुद्रा खास तौर पर गले, दिमाग और नसों पर गहरा असर डालती ह। रोज थोड़ा-सा अभ्यास करने से शरीर को आराम और मन को शांति मिल सकती ह। जब हम तनाव महसूस करते हैं, इस मुद्रा को करने से दिमाग को आराम मिलता है। उक्त जानकारी वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डा0 पवन शर्मा एवं काउंसलर डा0 अनुपमा शर्मा ने कृष्णा नगर स्थित श्री सेठ सांवलिया माइंड एवं हेथ केयर सेंटर पर इस पत्रकार को दी।

डा0 पवन शर्मा एवं डा0 अनुपमा शर्मा ने कहा कि स्वथ्य रहने के लिए रोजाना 3 से 4 किलोमीटर टहलना चाहिए व्यायाम भी करना चाहिए और करीब 20 से 30 मिनट गुनगुनी धूप में बैठना चाहिए। अधिक से अधिक पानी पीए इससे शरीर में एनर्जी मिलती है व तनाव मुक्त रहता है।

डा0 शर्मा ने बताया कि ग्रन्थित मुद्रा से शरीर का पहला फायदा गले की सेहत से जुड़ा ह। जिन लोगों का बार-बार गला खराब रहता है, आवाज बैठ जाती है, या बोलते समय थकान महसूस होती है, उनके लिए यह मुद्रा मददगार मानी जाती ह। इसे करने से गले के आसपास खून का बहाव बेहतर होता है, जिससे जकडऩ और भारीपन कम हो सकता ह।

ग्रंथित मुद्रा तनाव और घबराहट को कम करने में भी सहायक होती ह। जब हम तनाव या किसी बात को लेकर अंदर ही अंदर बोझिल महसूस करते हैं, तो यही बोझ आगे चलकर बेचौनी और डर की वजह बनता है। इस मुद्रा को करते समय गहरी सांस लेने से दिमाग को आराम मिलता है और मन धीरे-धीरे शांत होने लगता है।

ग्रंथित मुद्रा का एक और फायदा ध्यान और याददाश्त में सुधार ह। पढऩे वाले बच्चों और कामकाजी लोगों के लिए यह खास तौर पर उपयोगी है। रोज अभ्यास करने से ध्यान कम भटकता है और किसी भी काम पर मन ज्यादा देर तक लगा रहता है। सबसे पहले शांत जगह पर आराम से बैठ जाएं. आप सुखासन, पद्मासन या कुर्सी पर भी बैठ सकते हैं। अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और कंधे ढीले छोड़ दें। दोनों हाथों को अपनी गोद में रखें, और हथेलियाँ ऊपर की ओर रखें। अब दोनों हाथों के अंगूठे और तर्जनी को हल्के से आपस में छूएं। बाकी की तीन उंगलियों मध्यमा, अनामिका और छोटी उंगली को आपस में जोडक़र एक छोटी-सी गाँठ (ग्रन्थि) जैसा आकार बनाएं दोनों हाथ इसी मुद्रा में रखें और आँखें बंद कर लें। नाक से धीरे-धीरे गहरी सांस लें और उतनी ही शांत सांस छोड़ें। इस मुद्रा को कम से कम 10 से 15 मिनट तक करें। मुद्रा करते समय मन को शांत रखें और ध्यान को अपनी सांसों पर केंद्रित करें।

## पूर्व विधायक पर अभद्र टिप्पणी का आरोपी चार साल बाद हुआ गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा पर अभद्र टिप्पणी और फेसबुक पर अशोभनीय वीडियो वायरल करने के आरोपी को 4 साल बाद एमपी के मुरैना जिले के सरायछोला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये आरोपी से थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा अभियान में कार्रवाई करते हुए दो स्थाई और एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांटेड चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पुलिस को मानवीय इनपुट और तकनीकी माध्यमों से पता चला कि पूर्व विधायक पर अशोभनीय टिप्पणी करने और वीडियो वायरल करने का आरोपी सरायछोला में देखा गया है। उक्त सूचना पर हेड कांस्टेबल रामधन,ओमप्रकाश,श्यामवीर कांस्टेबल कृष्ण कुमार,सूबे सिंह,सतीश कुमार की टीम को मौके रवाना किया गया। जहां से पुलिस ने आरोपी रामरतन पुत्र मलखान गुर्जर निवासी तिलोंदा थाना सरायछोला जिला मुरैना को गिरफ्त में लिया है। घटना 22 जनवरी 2022 की है।

## वीबीजी रामजी को लेकर भाजपा का श्रमिक संवाद

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के बाईपास स्थित एक निजी मैरिज होम में भारतीय जनता पार्टी की शहर अध्यक्ष की अध्यक्षता में वीबीजी रामजी को लेकर श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत ने शिरकत की और मौजूद श्रमिकों एवं नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर लाई गई नई योजना वीबीजी रामजी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इससे पूर्व सम्मेलन का प्रारंभ भाजपा के जनक श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**राजावत ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन :** ग्रामीणों के लिए गारंटी योजना की भी जानकारी दी। 16 दिसंबर को लोकसभा में यह विधेयक पेश हुआ था और 21 दिसंबर को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने पर अब यह एक कानून बन गया है। जो जल्द ही पूरे देश में लागू होने जा रहा है।श्रमिक संवाद सम्मेलन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संयोजक ओबीसी मोर्चा दीप सिंह, जिला मंत्री ओमकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसेड़ी सुरेश मौजूद रहे।कार्यक्रम में बीजेपी के बीवीजी रामजी के विधानसभा संयोजक देव ,आकाश कपरेला ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन सतीश प्रजापति द्वारा किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

**पूर्व विधायक के जन्मदिन का कांटा केक:** कार्यक्रम के समापन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा के जन्मदिन पर उनको बधाई दी और केक काटा।

## वृंदावन के प्रत्येक कण-कण में राधा कृष्ण का वास है-इंद्रेश उपाध्याय



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** ब्रज के प्रसिद्ध श्री जटेरी धाम में चल रहे श्री निकुंज विलास रस महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत रस चर्चा के छठे दिवस पर गुरुवार को भक्ति और भावनाओं का अद्त संगम देखने को मिला। कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने वृंदावन की दिव्य लीलाओं का ऐसा रसपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पांडाल राधा-कृष्णमय हो उठा। दूर-दराज से आए श्रद्धालु कथा का श्रवण कर आत्मिक शांति और आनंद का अनुभव करते नजर आए। अपने प्रवचन में महाराज श्री ने कहा कि वृंदावन केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि वह दिव्य चेतना है जहां प्रत्येक कण में राधा-कृष्ण का वास है। उन्होंने निधिवन, टटिया स्थान, वृंदावन बिहारी लाल एवं अन्य प्रकट ठाकुरों की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि लता-पातों से आच्छादित वह पावन भूमि आज भी रास-विहार की साक्षी है। वृंदावन की रज मात्र से जीवन धन्य हो जाता है और वहां की प्रत्येक लीला साधक को भक्ति के उच्चतम सोपान तक पहुंचा देती है।

कथा के दौरान बंसी लीला का प्रसंग विशेष रूप से भाव-विभोर कर देने वाला रहा। व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि जब ठाकुर जी की बंसी उनके अधरों से लगती है तो ब्रज के ग्वाल-बाल, गोपियां, समस्त ब्रजवासी ही नहीं, बल्कि तैंतीस कोटि देवता भी आनंदित हो उठते हैं। बंसी की मधुर ध्वनि सृष्टि के कण-कण को स्पंदित कर देती है और हर हृदय में प्रेम और भक्ति का संचार करती है। इस प्रसंग पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा परिसर राधे-राधे के उद्घोष से गूंज उठा। महोत्सव के दौरान गाए गए सुप्रसिद्ध भजन वृंदावन मेरो प्यारो वृंदावन ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। छठे दिवस की इस रसपूर्ण कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति की अलौकिक ज्योति प्रज्वलित कर दी और संपूर्ण जटेरी धाम राधा-कृष्ण के प्रेम रस में सराबोर हो उठा।

### अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने ली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

# निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाए : एडीएम द्वितीय

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप में धरातल पर उतारे। इसके लिए विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्यों को पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्त रूप देवे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है, उनके आवंटन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राजगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करावे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि अलवर शहर के अम्बेडकर नगर, कठूमर के खोह एवं रामगढ के नंगली मेघा में 33/11 केवी के जीएसएस के लिए चिन्हित की गई भूमि के आवंटन के संबंध में आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कुशालगढ़ तिराहे से थैंक्यू बोर्ड बाया भर्तृहरि सडक तक व नौगांवा से नसवारी चौकी तक की सडक, निर्माण हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में कराना सुनिश्चित करें। साथ ही भर्तृहरि तिरोह पर स्थित पुलिया के जीर्णोद्धार कार्य को भी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु कार्य को गति प्रदान करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.डी बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ॠषिराज सिंगल मौजूद थे।

# ओरेकल रैंक बूस्टर टैस्ट सीरीज के पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** ओरेकल एकेडमी एण्ड कैरियर इंस्टीट्यूट में गुरुवार को मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए रैंक बूस्टर टेस्ट सीरीज के पोस्टर का विमोचन किया गया। इसमें नीट 2026 एग्जाम में बैठने वाले स्टूडेंट्स के लिए मौका है अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने का और अपनी तैयारी को जांचने का। इस टेस्ट सीरीज में 11 पार्ट टेस्ट और 14 फुल सिलेबस टेस्ट के कुल 25 टेस्ट की टेस्ट-सीरीज होंगी। इसमें भाग लेने के लिए स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। इसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 1100 रूपये रखा गया है।




इसको जमा करवा कर स्टूडेंट्स इस टेस्ट सीरीज में भाग ले सकता है। ओरेकल एकेडमी के निदेशक मनोज सैनी ने बताया कि यह टेस्ट सीरीज ऑफ लाइन मोड पर ओरेकल एकेडमी एण्ड कैरियर इंस्टीट्यूट के कैंपस में होगी, जिसका समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन 28 फरवरी तक ओरेकल एकेडमी एण्ड कैरियर इंस्टिट्यूट में आकर करवा सकता है। अधिक जानकारी के लिए 9351088979 या 8619757932 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 1 अप्रैल 2026 को भुगतान हेतु परिपक्व होने वाली राज्य बीमा की पॉलिसी वाले कार्मिक न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 28 फरवरी तक दस्तावेजों की पूर्ति करके अपलोड करें तथा ऑनलाइन कर भिजवाये

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 तक हुआ है उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान हेतु परिपक्व होने जा रही है वे दस्तावेजों की पूर्ति कर अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 28 फरवरी 2026 तक आवश्यक रूप से अपलोड एवं ऑनलाइन कर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री संजीव कुमार दास ने बताया कि जिले के समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 तक हुआ है उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान हेतु परिपक्व होने जा रही है। अत: ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपना परिपक्वता दावा, पदस्थापन विवरण हेतु परिशिष्ट 'क' मूल बीमा पॉलिसी बॉण्ड दोनों तरफ से बीमा पास बुक, रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चैक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति एवं बीमेदार द्वारा बढाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र आदि दस्तावेज कर्मचारी/बीमेदार अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 28 फरवरी 2026 तक आवश्यक रूप से अपलोड कर ऑनलाइन कर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी स्वत्व राशि के अग्रिम भुगतान आदेश जारी कर उनके भुगतान की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त राज्य कर्मचारियों की बीमा कटौती जनवरी 2026 से बन्द कर दी जावे। साथ ही समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को अवगत कराया है कि उनके अधीनस्थ ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवानिवृति 31 मार्च 2027 तक है बीमा के दस्तावेज व साथ ही जीपीएफ की पासबुक, कैंसिल चैक, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति, परिशिष्ट 'क' और सेवानिवृति आदेश पोर्टल पर यथाशीघ्र अपलोड कराना व सेवानिवृति से 60 दिवस पूर्व ऑनलाइन कराना भी सुनिश्चित करावे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 0144-2980410, विभागीय वेबसाइट पर या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

## कक्षा 6 के लिए ईएमआरएस-एसटी चयन परीक्षा 15 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**रैणी( अलवर )।** पंचायत समिति के समीपवर्ती ग्राम पाटन में स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल पाटन में सत्र 2026-2027 में कक्षा-6 में प्रवेश हेतु 15 फरवरी को आयोजित होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डी.बी.यादव ने बताया कि जिन छात्रों ने आवेदन किया है वह विद्यालय में 15 फरवरी को 11.30 बजे उपस्थित होवे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर अपने साथ आवेदन की प्रतिलिपि, एक पासपोर्ट साइज फोटो, वैध पहचान पत्र साथ में लाना आवश्यक है।

## साउथ अफ्रीका में अलवर निवासी युवक को आया हार्ट अटैक

### अचानक तबीयत बिगड़ी, 30 मिनट में मौत; 6 महीने पहले मजदूरी करने गया था लुसाका

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** साउथ अफ्रीका में रोजगार की तलाश में गए युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। 6 महीने पहले ही वह वहां खान में मजदूरी करने गया था, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी जान चली गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन अब शव को भारत लाने की प्रक्रिया को लेकर चिंतित हैं और सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। राजगढ़,अलवर के धमरेड़ गांव का रहने वाला गंगाराम योगी(37) पुत्र छोटेलाल 15 अगस्त 2025 को साउथ अफ्रिका के लुसाका में गया था। हालांकि, अभी तक परिवार की किसी ने सुध नहीं ली है। किशनगढ़ निवासी ठेकेदार ने कंपनी के खर्च पर भेजा था

डीएनटी समाज के अलवर संयोजक पुखराज योगी ने बताया कि गंगाराम को अजमेर के किशनगढ़ का रहने वाला एक ठेकेदार कंपनी के खर्च पर लेकर गया था। वहां जाने के बाद गंगाराम हर महीने घर पर 30 से 35 हजार रुपए खर्च के लिए भेजता था। लेकिन दो-तीन महीने से उसने कोई पैसा भी भेजा।

### व्याख्याता ने बढ़ाया बानसूर का गौरव,हुए सम्मानित

## राजस्थान सरकार द्वारा पुरस्कृत व्याख्याता डॉ. हितेश सैनी राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के उपखण्ड क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथूसर बानसूर में इतिहास विषय के व्याख्याता और बानसूर नगरपालिका निवासी डॉ. हितेश सैनी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। व्याख्याता डॉ. हितेश सैनी द्वारा नेटवर्क विहीन विद्यालय में ई - कंटेंट द्वारा कक्षा शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को नवाचारों के माध्यम से शिक्षण कार्य करवाने, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करने उनका शैक्षणिक उन्नयन हेतु 'सावित्री बाई फूले प्रतिभावान छात्रा अवार्ड'प्रदान करना विद्यालय के बालकों को शिक्षा से जोड़े रखने हेतु एवम् उनके पांवों की हिफाजत के लिए स्टॉफ द्वारा



'कदम से कलम तक अभियान' चलाना बालकों में जीवों के प्रति दयाभाव रखने और पारिस्थिकी तंत्र की रक्षा हेतु भीषण गर्मी में बेजुबानों की जान - परिंदा अभियान चलाना, नेटवर्क विहीन, दुर्गम एवं सरिस्का वन क्षेत्र में विद्यालय के अवस्थित होते हुए भी राजकीय कर्त्तव्यों का पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करना, बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु सह- शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन आयोजन करवाना शोध के क्षेत्र में शोध पत्र प्रकाशन और उनका वाचन करना, शोध उपाधि डॉक्टरेट प्राप्त करने आदि उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न व विशेष कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनका चयन नवाचारी समूह द्वारा आमंत्रित ऑनलाइन विस्तृत आवेदन, दस्तावेज जांच तथा विशेष दल द्वारा लिए गए ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इसमें लगभग 1000 से अधिक शिक्षकों ने नामांकन किया था।

अंतत: राजस्थान राज्य से चार शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय नवाचारी अवार्ड हेतु चयन किया गया। जिसमें कोटपूतली बहरोड़ जिले से डॉ. हितेश सैनी का चयन किया गया। इन सभी नवाचारों को ध्यान में रखते हुए नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इनको वर्ष 2024 में शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

## डमी कैंडिडेट से बने कांस्टेबल , तीन के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर,( नि.स. )।** वर्ष 2014 में आयोजित हुई पुलिस की परीक्षा में फर्जी और डमी कैंडिडेट बैठाकर कांस्टेबल बनने वाले तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। एसपी की रिपोर्ट के बाद जांच में फर्जीवाड़ा सामने आया है । साल 2015 में नियुक्त हुए कॉन्स्टेबलों के सेवा रिकॉर्ड की समीक्षा के दौरान दस्तावेजों में संदेहास्पद स्थिति सामने आई।बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने 8 अक्टूबर 2025 को एस ओ जी को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी थी ।सेवा रिकॉर्ड की जांच में हस्ताक्षर मिसमैच मिलने पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने दस साल बाद तीन कॉन्स्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया है । जांच में पाया गया कि ओमप्रकाश पुत्र हरदानाराम निवासी कालाणसरा पादरू ( सिवाना ) , गंगाराम पुत्र केसरीमल निवासी ढाकों का गोलिया कबुली ( धोरीमन्ना ) और सुमेरमल पुत्र महावीर प्रसाद निवासी बीकमसरा ( सरदारशहर , चूरू ) के बायोमैट्रिक आवेदन - पत्र , ओएमआर शीट और अन्य दस्तावेजों में हस्ताक्षर आपस में मेल नहीं खाते । एसपी ने इस गंभीर विसंगति को देखते हुए एस ओ जी को विस्तृत जांच के निर्देश दिए। एस ओ जी ने प्राथमिक जांच के आधार पर तीनों कॉन्स्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा 21 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन अयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना था, जिसे अब 21 फरवरी को किया जाएगा।

# अलवर में गुस्साए कर्मचारियों ने जलाई बजट की कॉपियां:कहा-हमारी मांगों पर चर्चा तक नहीं की, अब संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिला मुख्यालय के मिनी सचिवालय गेट पर राज्य सरकार के बजट के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बजट की कॉपियां जलाकर अपनी नाराज़गी जताई।

कर्मचारी नेता मनोज मीणा का कहना है कि इस बार का बजट कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, मानदेय कर्मियों और पेंशनरों के लिए बिल्कुल निराशाजनक है। बजट भाषण में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर केवल तीन मिनट ही बात की गई और इस दौरान सत्ता पक्ष या विपक्ष के किसी भी नेता ने समर्थन में मेज नहीं थपथपाई। इससे साफ है कि बजट कर्मचारियों के पक्ष में नहीं है।कर्मचारियों ने बताया कि



पिछले बजट में पदोन्नति की परेशानी दूर करने के लिए कैडर पुनर्गठन की बात कही गई थी, लेकिन इस बजट में न तो पदोन्नति की समस्या का हल किया गया और न ही वेतन की विसंगतियों पर कोई घोषणा हुई। आठवें वेतन आयोग को लेकर भी केवल समिति बनाने की बात कहकर मामला टाल दिया गया है। केसर सिंह का कहना है कि सरकार कर्मचारियों की समस्याएं समझने के बजाय केवल समितियां बनाकर समय निकाल रही है।

प्रदेश में लाखों कर्मचारी और संविदा कर्मी हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कुछ भी खास नहीं रखा गया, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। कर्मचारियों ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को जयपुर में हजारों कर्मचारियों ने चेतावनी रैली निकाली थी, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब बजट के बाद कर्मचारियों का कहना है कि संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

### दिलीप सिंह मीणा आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

## मीणा को जिला उपाध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस को मिलेगी मजबूती-योगी



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मौठूका निवासी दिलीप सिंह मीणा को आदिवासी कांग्रेस के कोटपूतली बहरोड़ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीणा की नियुक्ति से विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी समाज सहित ग्राम पंचायत मौठूका में प्रसन्नता की लहर दौड़ गईं है। कांग्रेस के युवा नेता पवन योगी ने बताया कि दिलीप सिंह मीणा की नियुक्ति का समाचार सुनकर ग्रामीणों में प्रशन्नता की लहर दौड़ गईं। दिलीप सिंह मीणा लम्बे अरसे से कांग्रेस के कार्यकर्त्ता रहते हुए समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। योगी ने बताया कि जिस निष्ठाभाव से इन्होंने कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य किया है वही मेहनत और लगन जिला उपाध्यक्ष बनकर भी करते रहेंगे। इस मौके पर ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर व दिलीप सिंह मीणा का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा,पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत व आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश गोधारा का आभार भी जताया गया। इस मौके पर शुभराम चौधरी, जलेसिंह बाल्याण, रोहिताश मीणा, जगराम योगी, राजेन्द्र यादव, वीरसिंह मेघवाल, गोपीराम, संदीप कुमार व पप्पुराम सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजस्थान पंचायतीराज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ (जयपुर) ने राज्य सरकार द्वारा संगठन की मांगों के प्रति उदासीनता बरतने पर आंदोलन करने की घोषणा की।

संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बबेली ने बताया की संगठन द्वारा शासन एवं प्रशासन के समक्ष बार-बार ज्ञापन/मांगपत्र रखने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी जिससे अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारियों में रोष व्याप्त है। बबेली ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में गुरुवार को प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री, मुख्य सचिव एवं पंचायतीराज के शासन सचिव एवं आयुक्त जोगाराम को 11 सूत्रीय मांग पत्र एवं ध्यानाकर्षण नोटिस दिया गया। उन्होंने बताया कि दिनांक 15 फरवरी को प्रदेश की समस्त जिला शाखाओं द्वारा विधायक एवं सांसदों को मांगपत्र प्रस्तुत किया जायेगा। 16 फरवरी को जिला कलक्टर / मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री एवं पंचायतीराज मंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। बबेली ने बताया कि संगठन की न्याय संगत मांगों पर शासन एवं प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो 25 फरवरी 2026 को विधानसभा पर विशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया जायेगा।

## जुमलों की सरकार ने बानसूर को कुछ भी ऐसा नहीं दिया-सुरेला

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका के पूर्व मनोनीत पार्षद भूपसिंह सुरेला ने राजस्थान सरकार के बजट को जुमलों का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बस स्टेण्ड और स्टेडियम निर्माण की घोषणा तो गहलोत सरकार ने पहले ही करदी थी जिसकी भूमि आदि चिन्हित कर ली गईं थी।एक जगह तो चारदिवारी का काम भी हो गया!फिर भी न जाने भाजपा के कार्यकर्त्ता ईतना बड़ा हो-हल्ला कर रहे हैं!राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी जी का तो स्वागत इसलिए करता हूँ कि वे महिला वित्त मंत्री हैं!पर बजट की घोर निन्दा करता हूँ कि बानसूर को इसमें कुछ भी नहीं ऐसा नहीं मिला की जिसकी प्रशंसा की जाए।



### डीएमएफटी फण्ड से जिले में होंगे करीब 29 करोड रूपये की लागत से 161 विकास कार्य

## डीएमएफटी के 161 कार्यों की जारी हुई प्रशासनिक स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) की गर्वेनिंग काउंसिल द्वारा अनुमोदित जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों एवं व्यक्तियों के लाभ के लिए 28.79 करोड रूपये के 161 विकास कार्यों के प्रस्तावों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिले के जनप्रतिनिधिगणों से प्राप्त प्रस्तावों को अलवर जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) की गर्विनिंग काउंसिल द्वारा खनन प्रभावित व्यक्तियों एवं क्षेत्रों के लाभ के लिए कुल 28.79 करोड रूपये के 161 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है, जिसमें मुख्यत: 3.70 करोड की लागत की 46 ई-लाइब्रेरी/पुस्तकालय निर्माण कार्य, 21.25 करोड रूपये की लागत से 105 सडक एवं भवन निर्माण कार्य (सीएचसी/विद्यालय कक्षा-कक्ष/स्टेडियम), 3.69 करोड रूपये की लागत से 9 पेयजल संबंधी कार्य तथा 15 लाख रूपये की लागत से पौधारोपण कार्य कराए जाएंगे। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि डीएमएफटी के 161 विकास कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इन कार्यों लाभ यथाशीघ्र मिल सके।




# जयपुर एयरपोर्ट पर रनवे टच कर फिर उड़ी फ्लाइट

## एयर इंडिया के विमान की दूसरे प्रयास में सफल लैंडिंग; उड़ान लेट होने पर गुस्सा हुए सांसद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार दोपहर एयर इंडिया की मुंबई-जयपुर फ्लाइट एआई-2781 की लैंडिंग फेल होने से पैंसेजर्स में दहशत फैल गई। पायलट टचडाउन से ठीक पहले फ्लाइट को दोबारा हवा में ले गया। करीब 12 मिनट बाद दूसरे प्रयास में फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हो पाई। इधर, इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में देरी को लेकर सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की। दरअसल, एयर इंडिया की मुंबई से जयपुर आ रही फ्लाइट ने दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने दोपहर 1 बजकर 53 मिनट पर टचडाउन से ठीक पहले विमान को दोबारा आसमान में ले गया। लैंडिंग अप्रोच के अनस्टेबल होने के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'गो-अराउंड' का फैसला लिया। करीब 12 मिनट तक फ्लाइट आसमान में ही चक्कर लगाते हुए होल्डिंग पैटर्न में रही। इसके बाद दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हो गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान एयरपोर्ट संचालन सामान्य रहा। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति घोषित नहीं की गई थी। इस मामले पर एयर इंडिया या एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि बीते दिनों में जयपुर एयरपोर्ट पर बदलते मौसम और तकनीकी कारणों से गो-अराउंड की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी।

# जोगाराम बोले- जो कुर्सी-बचाने फिरते रहे, उन्हें सवाल का अधिकार नहीं

## मंत्री पटेल ने कहा- घोषणाएं होती रहेंगी, हमारे बीच कोई खींचतान नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- जो होटलों में बंद रहे, तत्कालीन मुख्यमंत्री अपने ही उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के लिए किस तरह के शब्दों का प्रयोग करते थे, उसको मैं यहां दोहराना भी नहीं चाहता हूं।

पटेल ने कहा- अपनी कुर्सी बचाने के लिए दिल्ली और अन्य जगह फिरते रहे। उन्हें ऐसा प्रश्न करने का अधिकार नहीं है। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को सातों संभागों के मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री जोगाराम पटेल ने यह कहा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।

जोगाराम पटेल ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- जिसकी जैसी संस्कृति होती है, उसको वैसा ही याद रहता है। उन्होंने कहा- हमने घोषणाएं बचाकर रखी हैं, ऐसा अनुमान लगाने वाले अंतर्यामी को मैं धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि घोषणाएं लगातार होंगी, विकास निरंतर चलेगा। सरकार में कोई खींचतान नहीं है। हम एक मन, एक राय और एक परिवार के रूप में राजस्थान के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

दरअसल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा था- मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री (वित्त मंत्री) के बीच प्रतिस्पर्धा है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं वित्त मंत्री को करने नहीं दी।

# चांदी आज 7,316 गिरी, कीमत 2.59 लाख किलो हुई

## सोना 1,672 गिरकर 1.56 लाख पर आया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोने-चांदी के दाम में 12 फरवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 7,316 रुपए कम होकर 2,59,133 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को चांदी की कीमत 2,66,449 रुपए किलो थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,672 रुपए गिरकर 1,55,650 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को ये 1,57,322 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# बजट घोषणाएं, लागू इसी माह से करने के आदेश

## सीएस ने सभी अफसरों को भेजा पत्र

### कहा-15 दिन में घोषणाओं के प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने 11 फरवरी को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया है। इस बजट में फाइनेंस मिनिस्टर दीया कुमारी ने जो-जो घोषणाएं की हैं, उनको धरातल पर लागू करने के लिए मुख्य सचिव ने सभी संबंधित सीनियर ऑफिसरों को काम शुरू करने के आदेश दिए हैं।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन ने सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव को एक पत्र लिखकर बजट इम्पलीमेंटेशन के लिए प्रस्ताव बनाकर 15 दिन में भिजवाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने जो पत्र भेजा है उसमें तीन कैटेगिरी में घोषणाओं पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

पहली कैटेगिरी वह, जिसमें फाइनेंशियल (वित्तीय भार) इश्यू न हो। ऐसे प्रकरणों में केवल प्रशासन के स्तर पर प्रस्ताव बनाकर आदेश जारी करने हो। ऐसी घोषणाओं को लागू करने का प्रस्ताव जल्द से जल्द बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

इसी तरह दूसरी कैटेगिरी में वह फाइनेंशियल (वित्तीय भार) इश्यू न हो, लेकिन उन पर डीओपी या फाइनेंस डिपार्टमेंट से मंजूरी लेनी हो। ऐसे प्रकरणों के प्रस्ताव भी 15 दिन के अंदर तैयार करके डीओपी या फाइनेंस में भिजवाए।

तीसरी कैटेगिरी, जहां सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा, यानी वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति लेनी होगी। इन्हें 25 फरवरी तक तैयार कर वित्त विभाग, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय में पहुंचाएं, ताकि इन प्रकरणों में उचित स्तर पर स्वीकृतियां जल्द से जल्द प्राप्त करने के बाद बजट घोषणाओं को लागू किया जा सके।



### कर्मचारी नेता बोले- वेतन, पदोन्नति और भत्तों पर बजट मौन : किसान नेता ने कहा- पिछले बजट की घोषणाएं अभी तक अधूरी, नई की भी बौछार कर दी

जयपुर।

राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर कर्मचारी संगठनों और किसान नेताओं ने बजट को निराशाजनक बताया है। सरकार पर वादाखिलाफी और संवेदनहीनता के आरोप लगाए गए हैं। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि यह बजट कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों, मानदेय कार्मिकों और पेंशनरों के लिए निराशावादी है। उन्होंने बताया कि बजट भाषण में कर्मचारियों के मुद्दों पर मात्र तीन मिनट चर्चा हुई और इस दौरान सदन में किसी भी सदस्य ने समर्थन नहीं जताया।

# एमएसएमई, स्किलिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर : मोदी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इसे भारत के 'आर्थिक परिवर्तन' का ब्लूप्रिंट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सुधारों, छोटे उद्योगों, कौशल विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है और देश को नई विकास दिशा प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, लोकसभा में अपने भाषण में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस बात का विस्तृत विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट हमारे राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन में कैसे योगदान देगा। उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस, लघु एवं मध्यम उद्यमों को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों और अन्य बातों पर जोर दिया। बीते 1 फरवरी को संसद में पेश किए गए इस बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर विशेष फोकस रखा गया है, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। वित्त मंत्री ने एमएसएमई के लिए कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने, नियमों को सरल बनाने और लक्षित प्रोत्साहन देने की घोषणा की है, ताकि छोटे उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ सकें और विस्तार कर सकें। उन्होंने कहा कि एमएसएमई भारत की विकास यात्रा की रीढ़ हैं और यह बजट उन्हें नवाचार और रोजगार सृजन के लिए आवश्यक सहयोग देगा। कौशल विकास और रोजगार सृजन भी बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार ने ग्रीन एनर्जी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करने की नई पहल का प्रस्ताव रखा है। उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच साझेदारी को भी बढ़ावा देने की योजना है, ताकि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

# राजस्थान में 25 शहरों में रात का तापमान बढ़ा, जयपुर में छाए बादल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी का असर कम होने लगा है। दिन-रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। हालांकि, जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं, बुधवार को राज्य के 25 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर (डबल डिजिट) दर्ज हुआ। इससे इन शहरों में अब सर्दी का असर रात में कम होने लगा है। दिन में भी तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने और तेज धूप रहने से कुछ शहरों में हल्की गर्मी महसूस होने लगी।

पिछले 24 घंटे में जयपुर, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। जबकि बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में कल दिन में हल्की धुंध, बादल से धूप कमजोर रही। बुधवार को दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ।

**जयपुर, जोधपुर में सबसे कम सर्दी**-जोधपुर, जयपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 16.5 और 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में रात में सर्दी कम रही। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 15.6, डूंगरपुर में 15.1, जालौर, झुंझुनूं में 14.6, अजमेर में 14.9, भीलवाड़ा में 13.6, अलवर में 13.4 और जैसलमेर में 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे पर लंदन के अखबार का दावा

## लिखा- एअर इंडिया ने केस छोड़ने के लिए 10 से 20 लाख का ऑफर दिया

बढ़ता राजस्थान

**लंदन/नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 की दोपहर एअर इंडिया का लंदन जा रहा प्लेन हादसे का शिकार हुआ था। लंदन के अखबार 'द इंडिपेंडेंट की एअर इंडिया पर एक रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक एअर इंडिया ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन को अतिरिक्त मुआवजे के बदले केस करने का अधिकार छोड़ने का प्रस्ताव दिया है। एयरलाइन परिवारों को अतिरिक्त 10 लाख की अंतिम राशि देकर समझौते की पेशकश कर रही है। कुछ मामलों में यह 20 लाख रुपए तक है। परिवारों को यह शर्त माननी होगी कि वे भविष्य में हादसे से जुड़ा दावा नहीं करेंगे और सभी कानूनी जिम्मेदारियों से कंपनी को मुक्त करेंगे। यह छूट किसी भी देश या कोर्ट में लागू रहेगी। लीगल टीम ने किया विरोध एअर इंडिया के इस प्रस्ताव का 130 पीड़ितों के परिवारों की लीगल टीम ने विरोध किया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# विधानसभा में कांग्रेस विधायक ने किया अभद्र इशारा

## कैमरे में हुए कैद, पहले हाथ जोड़कर अभिवादन किया; फिर हंसते हुए किया इशारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा अभद्र इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा विधायकों को सरकारी कार्यक्रमों के लोकार्पण शिलान्यास का मुद्दा उठा रहे थे। रोहित बोहरा उनके पीछे बैठे थे।

इस दौरान बोहरा ने किसी विधायक को हाथ जोड़कर अभिवादन किया, थोड़ी ही देर में उन्होंने हंसते हुए हाथ से अभद्र इशारा किया था। यह सब विधानसभा की लाइव फीड के कैमरों में भी कैद हो गया था। हालांकि विधानसभा सदन में अब तक किसी विधायक ने इस पर चर्चा नहीं की थी। देर शाम सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले कांग्रेस विधायक रफीक खान के भ्रष्टाचार के आरोपों पर विधानसभा में पक्ष-विपक्ष में जमकर नोकझोंक हुई थी। खान ने कहा कि- जयपुर में बिना पैसा कोई काम नहीं हो रहा। जयपुर शहर में छोटे मकान



सील किए जा रहे हैं और बड़े बंगलों को छूट दी जा रही है। आरोपों पर भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने आपत्ति जताई तो दोनों ओर के सदस्यों में नोकझोंक हो गई थी।

### कांग्रेस विधायक के वेल में आने पर स्पीकर ने जताई नाराजगी

कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा ने वेल में आकर की दौसा तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद बैरवा ने वेल में आकर नारेबाजी करने लगे तो स्पीकर ने नाराजगी जताई। विधानसभा में राइट टू हेल्थ एक्ट के नियमों से जुड़े सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बीच भी बहस हुई। वहीं, भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली ने अवैध खनन को लेकर अपनी ही सरकार को घेरा। प्रश्नकाल में सरकार ने स्पष्ट किया कि वो स्टेट हाईवे पर प्राइवेट गाड़ियों को टोल फ्री नहीं करेगी।

### खनन माफिया को लेकर सवाल, टोल फ्री नहीं होंगे स्टेट हाईवे

प्रदेश के स्टेट हाईवे पर निजी वाहनों को सरकार टोल फ्री नहीं करेगी। भाजपा विधायक विक्रम बंशीवाल के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि 14 मई 2018 को निजी हल्के वाहनों को स्टेट हाईवे से टोल मुक्त करने की अधिसूचना को 31 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने वापस ले लिया था।

वहीं, भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली ने अवैध खनन माफिया पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने वन विभाग के अफसरों पर अवैध खनन माफिया से मिलीभगत के आरोप लगाए।

कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा ने वेल में आकर नारेबाजी की। उन्होंने दौसा तहसीदार को हटाने की मांग की। बैरवा के हंगामे से नाराज स्पीकर ने बैरवा को अनुशासन में रहने की हिदायत दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार